तापमान
अधिकतम 41.8 डिग्री
न्यूनतम 28.2 डिग्री

हरिभूमि
इस्पात भूमि
रायपुर, शनिवार, 8 जून 2024

[भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर]

8 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में किया गया पौधरोपण

9 छोटा रावण क्रिकेट क्लब अंडा बना विजेता

खबर संक्षेप

बाइक चोर गिरफ्तार

भिलाई। बाइक चोरी करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी हरिश पाटिल ने बताया कि मुखबिर ने पुलिस सूचना दिया कि पावर हाउस मार्केट के पास एक युवक दो बाइक को बेचने की फिराक में घूम रहा था। इस दौरान पुलिस मौके पर पहुची और उसे पकड़कर पूछताछ किया। इस दौरना युवक ने अपना नाम लीलाधर निर्मलकर होना बताया है। पुलिस ने युवक के पास से दो बाइक सीसी 07 एसी 7915, सीजी 07 एव्ही 7511 वाहन को जब्त किया है।

शेयर मार्केट में रकम लगाने के नाम पर ठगी

भिलाई। शेयर मार्केट में रकम लगाने के नाम पर ठगी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने धारा 420, 34 के तहत जुर्म दर्ज किया है।सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया अज्ञात मोबाइल धारकों द्वारा पीड़ित के मोबाइल पर कॉल कर शेयर मार्केट में रुपए लगाने पर एक हजार प्रोफीट का झांसा दिया। इस दौरान तीन पीड़ितों ने रुपए शेयर मार्केट में लगा दिया। उसके बाद पीड़ितों को शेयर मार्केट वाले ग्रुप में जोडो गया है। उसके बाद पीड़ितों का 2 करोड़ 38 लाख रुपए का ठगी हो गया। रुपए फंसता देख पीड़ितों ने अज्ञात मोबाइल धारक से कॉल कर रुपए लौटाने की मांग की लेकिन दोबारा कॉल करने पर रुपए नहीं लौटाया गया। ठगी का शिकार होने के बाद शिकायत पुलिस से किया है। पुलिस आरोपी को पकड़ने के लिए मोबाइल लोकेशन, समेत अन्य जानकारी जुटा रही है। जल्द ही ठगी के आरोपी पुलिस गिरफ्त में होंगे।

निकलने वाले कचरों से निगम बना रहा खाद

भिलाई। निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत प्रतिदिन घरों से निकलने वाले गीला एवं सूखा कचरे का एकत्रिकरण कार्य किया जा रहा है। गिले कचरे से जैविक खाद का निर्माण किया जा रहा है। साथ ही नगर निगम के उद्यानों से निकलने वाले पत्ते, खरपतवार, फूल इत्यादि को एकत्रित कर वहीं पर गड्ढा बनाकर जैविक उपयोगी खाद बनाया जा रहा है। उसी खाद से नगर निगम अपने नर्सरी में फूल पौधों को हरा-भरा रखेगा। इसके साथ-साथ जो हाउसिंग सोसायटी है उनके बीच में भी जाकर उन्हे प्रेरित किया जा रहा है। जैविक कचरे को वहीं पर गड्ढा बनाकर सेग्रिगेट किया जाए।

समस्या : मानसून आने तक इसी तरह रहेंगे हालात

अंधड़ शुरू होने के पहले ही होने लगी बिजली बंद, लोग हलाकान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

मानसून के पहले हर दिन हालात ऐसे बन रहे हैं कि शाम होते ही मौसम अचानक बदल जाता है। अंधड़ जैसे हालात बनते हैं और बिजली कंपंनी बिजली सप्लाई बंद कर देती है। घंटों बिजली बंद रहती है। जो रातभर आती-जाती है। बिजली वितरण कंपंनी इसे एहतियातन बिजली बंद करना बता रही है लेकिन जब बिजली सप्लाई चालू की जाती है तो तीन फेस में एक न एक फेस बंद ही रहता है।



रात में कई बार जा रही है बिजली

रात में बिजली बंद होना आम बात हो गई है। दुर्ग ग्रामीण क्षेत्र हो या शहरी क्षेत्र दोनों में ही यही स्थिति है। मौसम साफ होने के बाद बिजली की सप्लाई पूरी तरह सामान्य नहीं हो पा रही है। लोगों ने बताया कि पावर कट की समस्या बनी हुई है। रात ही नहीं दिन में भी यही स्थिति है। भीषण गर्मी की वजह से लोग बिजली बंद होते ही हलाकान हो जाते हैं। शिकायत के बाद भी सुधार के लिए कई घंटे का इंतजार होता है।

गर्मी में बिजली की खपत बढ़ी

विद्युत वितरण कंपंनी के अधिकारियों के मुताबिक इन दिनों तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से पार हो चुका है। जिसकी वजह से बिजली की खपत बढ़ गई है। इस खपत की वजह से ट्रांसफार्मरों में लोड बढ़ गया है। पिछले साल की अपेक्षा 10 फीसदी बिजली खपत ज्यादा हो रही है।

तीन दिन तक अंधड़ व बारिश के हालात

शुक्रवार को पूरे दिन तपिश से ट्विनसिटी के लोग परेशान रहे। शाम होते ही अचानक मौसम ने करवट ली और हल्की बूंदाबांदी होने लगी। वहीं मानसून के लिए किसानों को और इंतजार करना पड़ेगा। इसलिए कि समद्र तट पर साइक्लोनिक सिस्टम नहीं बन पाया है।हालांकि तीन दिन तक हल्की बारिश और अंधड़ के हालात बनेंगे लेकिन यह स्थानीय प्रभाव से बनने वाले छोटे-छोटे सिस्टम की वजह से होंगे।

मानसून के लिए अभी और इंतजार...

मौसम विभाग के मुताबिक एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण बिहार के ऊपर 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। 8 जून को एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ अंधड़ चलने तथा वज्रपात होने की संभावना है। वर्षा का क्षेत्र मुख्यतः बस्तर संभाग और उससे लगे जिले संभावित है।

दक्षिण पश्चिम मानसून के लिए यह जरूरी

- पश्चिमी हवा प्रबल होने चाहिए और उसकी गहराई वातावरण में 3.1 किलोमीटर तक होना चाहिए।
- वातावरण में सार्थक रूप से नमी की मात्रा गहराई तक बढ़ना चाहिए।
- आने वाले समय में लगातार वर्षा होने की संभावना बने रहना चाहिए।
- क्षेत्र में बादल की स्थिति बने रहना चाहिए।
- जिस क्षेत्र में मानसून पहुंचने की घोषणा करने के लिए, लगातार दो दिनों तक उस क्षेत्र के 80% स्टेशनों में 2 .5 एमएम या अधिक वर्षा हो तो दूसरे दिन मानसून पहुंचने की घोषणा की जाती है ।
- प्रदेश में शनिवार से वर्षा की गतिविधि में कमी आने वाले 3-4 दिनों तक रहने की सम्भावना है। इसके कारण मानसून का दस्तक प्रदेश में निकट भविष्य में होने की सम्भावना कम ही है।
- सुबह गर्म शाम होते ही हवा होते नम।



तीन दिन तक अंधड़ बारिश

“ तीन दिन तक अधंड़ व बारिश के हालात बन रहे हैं। मानसून आने में अभी देरी है। स्थानीय प्रभाव की वजह से अंधड़ और हल्की बारिश की स्थिति बन रही है।

-एचपी चंद्रा,
मौसम विज्ञानी छत्तीसगढ़

उमस से हलाकान है लोग

मौसम के उतार-चढ़ाव ने वातावरण में उसम की स्थिति निर्मित कर दी है। दिनभर तपती धूप से बचने लोग मशक्कत करते रहे और शाम होने के बाद उमस से जूझते रहे। लोग बिना कूलर और पंखे के रह नहीं पा रहे। एसी भी खूब चला रहे हैं। जब तक मानसून आ नहीं जाता तब तक लोगों को इसी तरह उमसभरी गर्मी से परेशान होना पड़ेगा।

तापमान 41.8 सेल्सियस

मौसम विभाग ने भिलाई दुर्ग का अधिकतम तापमान 41.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया है। जो सामान्य से 1.4 डिग्री सेल्सियस ज्यादा रहा। न्यूनतम तापमान 28.2 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग ने कहा है कि भिलाई दुर्ग सहित प्रदेश में अधिकतम तापमान में अगले दो दिनों तक कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है, उसके बाद मामूली वृद्धि होने की संभावना है।

शेष परिणाम जल्द ही होंगे जारी

यूनिवर्सिटी ने घोषित किए 43 परिणाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग द्वारा वार्षिक परीक्षा 2023-24 के स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर के 13 परीक्षा परिणाम जारी किये। इन्हें मिलाकर कुल 58 परीक्षा परिणामों में से विश्वविद्यालय द्वारा 43 परीक्षा परिणाम घोषित किये जा चुके है। वार्षिक परीक्षा के साथ-साथ सेमेस्टर परीक्षाओं के परिणाम भी जारी किये जा रहे हैं। एमएड द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम घोषित किये जा चुके हैं तथा सोमवार तक बीएड द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम जारी हो सकती है।

- सोमवार तक बीएड द्वितीय व चतुर्थ सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम

एमए पूर्व का रिजल्ट 59%

विष्वविद्यालय के परीक्षा उपकुलसचिव डॉ. राजमणि पटेल ने बताया कि वार्षिक परीक्षा परिणामों में एमए पूर्व अर्थशास्त्र में शामिल 527 परीक्षार्थियों में से 310 परीक्षार्थी सफल रहे। जिनका कुल परीक्षा परिणाम 59 प्रतिशत रहा। इसी प्रकार एमए पूर्व संस्कृत की परीक्षा में शामिल 112 परीक्षार्थियों में से 83 परीक्षार्थी सफल घोषित किये गये। जिनका परीक्षा परिणाम 74 प्रतिशत रहा। एमए पूर्व राजनीति शास्त्र के परीक्षा में शामिल 2437 परीक्षार्थियों में 1812 परीक्षार्थी उत्तीर्ण रहे जिनका परीक्षा परिणाम 75 प्रतिशत रहा। एमए पूर्व भूगोल की परीक्षा में शामिल 107 परीक्षार्थियों में से 64 सफल रहे तथा परीक्षा परिणाम 60 प्रतिशत रहा। एमए अंतिम भूगोल की परीक्षा में शामिल 139 परीक्षार्थियों में से 115 परीक्षार्थी उत्तीर्ण रहे एवं कुल परीक्षा परिणाम 83 प्रतिशत रहा।

एमए इतिहास का रिजल्ट 81%

डॉ. पटेल के अनुसार एमए अंतिम इतिहास की परीक्षा में 335 में से 270 परीक्षार्थी उत्तीर्ण रहे तथा परीक्षा परिणाम 81 प्रतिशत रहा। एमएससी अंतिम गणित की परीक्षा में शामिल 137 में से 80 परीक्षार्थी सफल रहे जिनका परीक्षा परिणाम 44 प्रतिशत रहा। एमए अंतिम राजनीतिशास्त्र में शामिल 1448 परीक्षार्थियों में से 1233 सफल रहे परीक्षा परिणाम 85 प्रतिशत रहा। एमए अंतिम संस्कृत में शामिल 65 परीक्षार्थियों में से 51 सफल रहे परीक्षा परिणाम 87 प्रतिशत रहा। एमए अंतिम समाजशास्त्र में शामिल 2010 परीक्षार्थियों में से 1782 सफल रहे परीक्षा परिणाम 88 प्रतिशत रहा। एमए पूर्व समाजशास्त्र में शामिल 2658 परीक्षार्थियों में से 2239 सफल रहे परीक्षा परिणाम 84 प्रतिशत रहा। एमए पूर्व अंग्रेजी में शामिल 1280 परीक्षार्थियों में से 890 सफल रहे परीक्षा परिणाम 69 प्रतिशत रहा।

REGISTRATION OPEN
PHARMACY
D.PHARMA-B.PHARMA
M.PHARMA
NURSING
B.SC./POST BASIC/
M.SC.NURSING, GNM
SHRI RAWATPURA SARKAR
GROUP OF INSTITUTIONS
7222910430/41

देवबलौदा हत्याकांड: आठ आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

पुरानी रंजिश के चलते देवबलौदा में अवैध कारोबार में शामिल युवक के हत्या मामला में पुलिस ने सात आरोपी और एक अपचारी बालक को गिरफ्तार किया है।आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा धारा 302, 147, 148, 149, 120बी के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि देवबलौदा निवासी एल. चिरंजीव उर्फ ब्रुसली नामक युवक की हत्या कर लाश को फेंककर आरोपी मौके से फरार हो गए थे। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुची और आरोपियों का सुराग जुटाने में लग गई। टीम में एसीसीयू और भिलाई तीन पुलिस शामिल थी। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने रायपुर, बलौदाबजार, बेमेतरा, राजनांदगांव, दुर्ग, बालोद में दबिश दिया। जहां से आरोपी अर्जुन बघेल, दीपक कुमार टंडन उर्फ गोलू, राजेश कुर्रे, भूपेंद्र टंडन, जसवंत मारकंडे, देवा बंजारे, सुनील बंधे, भीम बघेल, अजय बघेल, शेखर सेन, एक अपचारी बालक को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के पास से पुलिस ने हथियार, बाइक समेत अन्य सामान जब्त किया। पुलिस पुछताछ में आरोपियों ने बताया कि मृतक एल. चिरंजीव उर्फ ब्रुसली का अर्जुन, दीपक कुमार टंडन उर्फ गोलु के साथ पुरानी रंजिश थी। सभी आरोपियों ने ब्रुसली की हत्या करने का प्लान पहले तैयार किया। उसके बाद आरोपियों को पता चला कि ब्रुसली अपने दोस्तों के साथ बंधवा तालाब के पास मैदान में शराब पी रहा है। जिसे देख मृतक के दोस्त तुरंत फरार हो गए। आरोपियों ने एल. चिरंजीव को सबक सिखाने लाठी, डण्डा, धारदार हथियार, बेस बाल डण्डा, लोहे का राड, तलवार से हमला कर दिया। आरोपियों से पुलिस ने बाइक और होंडा साइन सीजी 07 एएम 2402 आलाजरब लाठी, डण्डा, धारदार हथियार, बेस बाल डण्डा, लोहे का राड, तलवार जब्त किया है। इस कार्रवाई में सीएसपी हरिश पाटिल, डीएसपी क्राइम हेम प्रकाश नायक, टीआई कपिल देव पाण्डेय, टीआई पीडी चंद्रा समेत एसीसीयू, भिलाई तीन पुलिस का योगदान रहा है।

- भिलाई तीन थाना क्षेत्र की है घटना, आरोपी में एक अपचारी बालक भी शामिल

शहरी आजीविका मिशन की समीक्षा बैठक

भिलाई। निगम भिलाई के सभागार में शहरी आजीविका मिशन की समीक्षा बैठक ली गई। जिसमें रायपुर से राज्य स्तरीय शहरी आजीविका मिशन टीम निगम सभागार में पहुंचकर शासन से जारी गाईडलाईन से संबंधित दिशा-निर्देश दिये। निगम भिलाई के सभागार में आज शासन की विभिन्न योजना से संबंधित विषयो पर चर्चा की गई, जिसमें राज्य स्तीरय शहरी अजीविका मिशन रायपुर की टीम प्रमुख रूप में स्टेट मैनेजर प्रशांत ताम्बोली, उप मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील अग्रहरी ने जानकारी दी पूर्व में चल रहे पीएम स्व-निधि योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के प्रोग्रेस के बारे में पूछ नये दिशा निर्देश दिये।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
7987328736, 7489348301

परेशान करने वाले अधिकारी की अब खैर नहीं

आचार संहिता खत्म होते ही आयुक्त एक्शन मोड पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

परेशान व्यक्ति को अनावश्यक रूप से दफ्तर का चक्कर लगाने वाले अधिकारी-कर्मचारी की खैर नहीं। आयुक्त मोनिका वर्मा ने समय पर सभी को कार्यालय पहुंचने की हिदायत दी। आचार संहिता खत्म होते ही उन्होंने बैठक लेकर प्रत्येक कार्य को समय सीमा के भीतर कार्य पूर्ण करने की बात कही। खास तौर पर ऐसे कार्य को सजगता के साथ पूरा करने कहा जिसे नागरिक सीधे कार्यालय पहुंच कर आवेदन करते है।

निगम आयुक्त ने शुक्रवार को अधिकारियों की क्लास ली। उन्होंने अधिकारी-कर्मचारी से हितग्राही मूलक योजना- राशन कार्ड, नल कनेक्शन, आधार अपडेट, जन्म-मृत्यु और स्वच्छता से संबंधित शिकायतों का शीघ्र निराकरण करने निर्देश दिए। आगह करते कहा कि अगर कोई अधिकारी-कर्मचारी कार्यालय पहुंचे नागरिकों को अनावश्यक रूप से परेशान करने की शिकायत उन तक पहुंचती है तो वे सीधे कार्यवाही करेंगी। विभाग प्रमुखों और डिलिंग क्लर्क की बैठक में निगम सचिव रोहित साहू, कार्यपालन अभियंता सुनील दुबे समेत अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

फील्ड का बहाना न करें

आयुक्त ने कहा कि कई कर्मचारी फिल्ड व सर्वे का बहाना कर पूरे दिन गायब रहते है। प्रत्येक कर्मचारी को अपने विभाग प्रमुख से अनुमति लेकर फिल्ड में निकलना होगा। उन्होंने अवकाश के लिए भी दिशा निर्देश दी। आयुक्त ने एक दिन पूर्व अथवा कार्यालय समय शुरू होने से पूर्व अवकाश लेने की सूचना को अनिवार्य किया है।

निदान 1100 पर पर गंभीर हुई

आयुक्त ने निर्माण कार्य से लेकर शिकायतों को बहाने बाजी के बिना समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। आयुक्त ने कहा कि कई निदान 1100 में सीधे शिकायत दर्ज करते है। इन शिकायतों का त्वरित निराकरण पोर्टल में अवश्य दर्ज करे।

विधायक ने ली विकास कार्यों की जानकारी

दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने विकास कार्यो पर आयुक्त से चर्चा की। उन्होंने निगम क्षेत्र में विकास के प्रस्ताव को सूचीबद्ध करने कहा। विधायक ने स्पष्ट कहा है कि निगम कार्यालय पहुंचे नागरिकों का कार्य समय सीमा में हो। साथ ही उन्होंने नागरिकों के हित और सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए बड़े प्रस्ताव तैयार करने निर्देश दिए। प्रस्ताव को वे शासन स्तर पर स्वीकृत कराऐंगे।

खबर संक्षेप

रक्तदाताओं का सम्मान करने कलेक्टर आमंत्रित

दुर्ग। रेड क्रॉस सोसाइटी के प्रबंध कार्यकारिणी एवं जिला चिकित्सालय की जीवन दीप समिति के सदस्य दिलीप ठाकुर द्वारा जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक द्वारा रक्तदाताओं का सम्मान एवं रक्त दान शिविर आयोजित की गई है। जिसमें मुख्य आथित्य के रूप में कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी को आमंत्रित किया गया। जिस पर कलेक्टर ने अपनी सहमति दी है। कलेक्टर द्वारा रक्तदान की जागरूकता के लिए लोगों को प्रेरित भी किया। साथ ही मर्चरी में संचालित एंबुलेंस की स्थिति ठीक नहीं होने पर नई एंबुलेंस और कैबिनेट की मांग बताई गई जिस पर कलेक्टर ने द्वारा सकारात्मक सहयोग की बात कही।

वन विकसित करने डॉ पाणिग्राही ने सौंपा ज्ञापन

दुर्ग। दुर्ग का तापमान दिन प्रतिदिन बढ़ रहा है । अनेक बार दुर्ग का तापमान पूरे प्रदेश में सर्वाधिक रहा है । दुर्ग उद्योगिक क्षेत्र है तथा वन क्षेत्र नहीं के बराबर है । विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर दुर्ग वन मंडल द्वारा आयोजित जिला स्तरीय पर्यावरण संरक्षण एवम पौधारोपण अवसर पर डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही ने ध्यानाकर्षण करते हुए जगह जगह पौधे लगाकर उन्हें बड़ा कर हम दुर्ग की हरियाली बढ़ाकर तापमान कम कर सकते हैं।

निधन

वंदना निर्मलकर

दुर्ग। बोरसी महाराणा प्रताप नगर निवासी श्रीमती वंदना निर्मलकर 34 वर्ष का शुक्रवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 8 जून, शनिवार को सुबह 9 बजे शिवनाथ नदी मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे अनिल कुमार निर्मलकर की पत्नि और मां सतरुपा शीतला मंदिर एवं साई मंदिर कसारीडीह के आजीवन सदस्य दीनानाथ निर्मलकर(राजू) की पुत्री थी।

पहले 25 हजार घरों में लगेंगे स्मार्ट मीटर, दो माह बाद होगा ट्रायल

बिजली कंपनी द्वारा जल्द ही घरेलू मीटर को बदलकर स्मार्ट मीटर किए जाने की तैयारी है। जिले में पायलट प्रोजेक्ट के तहत दुर्ग जिले में 25 हजार घरेलू कनेक्शन स्मार्ट मीटर में बदले जाने का टारगेट रखा गया है। मीटर लगने के दो माह बाद रिचार्ज की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

उल्लेखनीय हैं कि, जिले में बीपीएल, गैर घरेलू, कृषि पंप, उद्योग और पेयजल, अस्थाई जैसे 4 लाख 81 हजार से अधिक कनेक्शन शामिल है। इसमें दुर्ग, धमधा और पाटन में करीब 3 लाख 49 हजार 273 घरेलू कनेक्शन है। इन्ही कनेक्शनों को जीनस कंपनी द्वारा स्मार्ट मीटर के रूप में बदलेगी। अफसरों ने बताया कि, वर्तमान में कार्य शुरू कर दिया गया है। घरो में स्मार्ट मीटर लगाने के पहले उन डिसट्रिब्यूटर ट्रांसफार्मर में स्मार्ट मीटर लगाए गए है, जहां से घरों में बिजली पहुचेगी। अफसरों ने बताया कि, जिले के 250 डिस्ट्रीब्यूटर ट्रांसफार्मर में स्मार्ट मीटर लगाए गए है। उल्लेखनीय हैं कि, घरेलू उपभोक्ता कनेक्शन के लिए अब मोबाइल की तरह बिजली मीटर रिचार्ज करना पड़ेगा। इस प्रोजेक्ट के लांच होने से दुर्ग जिले के साढे तीन लाख घरेलू कनेक्शन स्मार्ट मीटर में बदले जाएंगे।

जीनस कंपनी लगाएगी स्मार्ट मीटर, पहले घरेलू मीटर पर होगा प्रयोग

करना होगा मीटर रिचार्ज

स्मार्ट मीटर में बिजली का बैलेंस समाप्त होते ही आपको सप्लाई रोक दी जाएगी, जिसे दोबारा रिजार्च होने पर शुरू किया जाएगा। मिली जानकारी के अनुसार स्मार्ट मीटर लगाने के लिए केंद्र सरकार की रिवैम्प्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम को दो साल पहले ही प्रदेश सरकार ने अपनी मंजूरी दी थी। दुर्ग में जीनस कंपनी का यह कार्य दिया गया है। मीटर के स्मार्ट होने से सही व सटीक रीडिंग के साथ ही मोबाइल पर बिजली खपत की पूरी जानकारी मिल सकेगी। बिजली रीचार्ज और बैलेंस की जानकारी मोबाइल पर ही देख सकेंगे।

रीडिंग और गड़बड़ी रूकेगी

स्मार्ट मीटर लगाने जाने से कई प्रकार की सुविधाएं मिलने की भी बातें कही जा रही है। बताया गया कि, इन मीटरों के लगने पश्चात हर माह मीटर रीडिंग और बिलिंग की जरूरत नहीं होगी, मोबाइल की तरह स्मार्ट मीटर को घर बैठे रिचार्ज करा सकेंगे। लंबे समय तक बिल अदा नहीं करने वाले बकायादारों की संख्या में कमी आएगी, इसके अलावा रीडिंग और बिलिंग में गड़बड़ी की शिकायतों से मुक्ति मिलेगी। हालांकि एक समस्या यह भी है कि नेटवर्क की समस्या के चलते ग्रामीण इलाकों में रिचार्ज में दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है।

लग रहा मीटर

जिले में घरेलू कनेक्शन को स्मार्ट मीटर में बदलने की तैयारी शुरू हो गई है। पहले चरण में पच्चीस हजार कनेक्शन बदलने का टारगेट रखा गया है।
-एम जामुलकर, मुख्य अभियंता दुर्ग क्षेत्र

उदासीनता : सिर्फ रेलिंग में ठेकेदार ने लगाए पेड़, ये भी जीवित नहीं

पुलगांव से अंजोरा बाइपास तक काटे हजारों पेड़, नहीं लौटाई गई हरियाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

पुलगांव से अंजोरा बाइपास को चौडीकरण किए जाने के लिए पांच साल पहले एक हजार से अधिक पेड काटे गए थे। सडक किनारे काटे गए हजारों पेडों की बदले अब तक एक भी पेड नही लगाए गए है। प्रशासन द्वारा चौडीकरण किए जाने के बाद ठेकेदार की जिम्मेदारी बताई जा रही है। जबकि ठेकेदार कुछ पेड सडको के बीच रेलिंग में लगाए, वह भी मुरझा चुका है। इधर पुलगांव से अंजोरा बाइपास सडक की हरियाली छिलने के बाद प्रशासन द्वारा यहां सडक किनारे एक भी पेड नही लगाए है।

उल्लेखनीय हैं कि, अंजोरा बाइपास से पुलगांव तक चौडीकरण किए जाने के बाद एक पेड के बदले दस पेड लगाने के निर्देश थे। लेकिन जमीनी स्तर पर देखा जाए तो सडक किनारे एक भी पेड नही लगे है। हां ठेकेदार द्वारा सडक चौडीकरण करने के बाद रेलिंग में पेड जरूर लगाए है। लेकिन इस पेड की स्थिति मरने पर पहुंच गई है। मूंददर्शन बने प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि बारिश होने के बाद पेड जिंदा हो जाएंगे। जानकारों की माने तो सडक चौडीकरण के दौरान सडक के दोनो किनारे पेड लगाने का फैसला लिया गया था। लेकिन वर्तमान में सडक चौडीकरण के बाद कही पर भी सडक किनारे पेड नही लगाए गए है।

पुलगांव से अंजोरा तक सड़क किनारे नहीं लगे पेड़

जिला पंचायत के संसाधन केन्द्र से पेड़ गायब

पिछले साल जिपं. द्वारा मनरेगा मद के तहत करीब पांच सौ पेड अंजोरा स्थित जिला पंचायत संसाधन भवन में रोपे गए थे। लेकिन एक साल बाद यहां एक भी पेड नही हे। प्रशासन द्वारा मनरेगा के तहत लाखों खर्च कर रोपे गए पेड का देखभाल तक नही किया गया। वर्तमान में यहां एक भी पेड नही है। उल्लेखनीय हैं कि, एक पेड को काटने पर बदले में दस पेड लगाने का नियम है। लेकिन इस नियम का पालन प्रशासन ही नही कर रहा है।

पुलगांव से नेहरू नगर तक यही हाल

पुलगांव से नेहरू नगर तक भी सडक चौडीकरण कार्य किया गया है। यहां भी सडक किनारे नगरनिगम द्वारा कुछ ही जगह पेड लगाए गए है। पुलगांव से पुराना पुल तक कुछ पेड लगे है, जो विकसित भी हुए है। वही आगे पटेल चौक तक एक भी पेड नही है। आगे जाने पर राजेन्द्र पार्क से आगे एक साइड पेड लगाए गए है। वही सडक के बीच रेलिंग में ठेकेदार द्वारा पेड लगाने थे। ठेकेदार द्वारा कुछ पेड लगाए। लेकिन पीडब्ल्यूडी विभाग और नगरनिगम द्वारा देखरेख नही किए जाने के कारण कई पेड मुरझा गए है।

नदी रोड में दिख रही हरियाली

नगरनिगम द्वारा पिछले साल गंज चौक से महमरा नदी तक पौधे रोपे गए थे। हांलाकि इसमें से कुछ ही पेड मुरझाए है। लेकिन लगभग पेड जीवित और विकसित है। जिसके चलते नदी रोड के सडक किनारे इन दिनों हरियाली दिख रही है। आसपास के लोगों ने बताया कि, पुलगांव नाला से होकर नदी तक नालियां यहां बहती है। जिसके कारण पेडों में नमी बने रहती है। यही कारण है कि, यहां पिछले साल की मेहनत रंग लाते दिख रही हैं।

रजिस्ट्री में सौ और पंजीयन में चार फीसदी का फटका

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

भाजपा सरकार के सत्ता में आते ही कलेक्टर गाइड लाइन में दी जा रही तीस फीसदी छूट को समाप्त कर दिया गया है। इसके आलावा मकान व फ्लैट में 75 लाख तक की रजिस्ट्री में चार के जग दो फीसदी छूट था, उसे भी समाप्त किए जाने के बाद खरीददारों को पंजीयन शुल्क में चार फीसदी का फटका लग रहा है।

■ नए वित्तीय वर्ष में राज्य शासन ने दिया झटका

उल्लेखनीय हैं कि, नए वित्तिय वर्ष अप्रैल माह के बाद छूट समाप्त हो गई है। छूट समाप्त होने के कारण क्रेता और विक्रेताओं में भी कमी आई है। पिछले साल के मुकाबले इस साल अप्रैल और मई में पचास फीसदी तक की रजिस्ट्री में कमी दर्ज की गई है। रजिस्ट्री कराने पर अब खरीददार को सीधे सत्तर के बजाय सौ फीसदी कलेक्टर गाइड लाइन की राशि देनी पड रही है, वही रजिस्ट्री राशि के आलावा पंजीयन शुल्क दो प्रतिशत के जगह चार प्रतिशत देना पड रहा है। इस तरह खरीददारों को रजिस्ट्री शुल्क और पंजीयन शुल्क दोनो में फटका लग रहा है। यही कारण हैं कि, रजिस्ट्री की संख्या में कमी दर्ज की जा रही है।

फिलहाल पुरानी गाइड लाइन पर रजिस्ट्री

जिला पंजीयक पुष्पलता धुर्वे ने बताया कि, राज्य शासन से वर्ष 2024 के लिए नई गाइड लाइन जारी नही की गई है। इसलिए बहरहाल रजिस्ट्री के लिए पुरानी गाइड लाइन का ही पालन किया जा रहा है। हांलाकि सत्तर के बजाय अब खरीददारों को सौ फीसदी दर चुकाना होगा। इसी तरह पंजीयन शुल्क दो से हटाकर पूरे चार फीसदी अदा करनी पड रही है।

न्याय सदन में फलदार पौधे का किया रोपण

दुर्ग। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग के तत्वाधान में तथा जिला न्यायाधीश / अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सुधीर कुमार के मार्गदर्शन में विश्व पर्यावरण दिवस न्याय सदन में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त आयोजित कार्यक्रम में आनंद राम ढिडही अध्यक्ष, स्थायी लोक अदालत (जनोपयोगी सेवाऐं) एवं आशीष डहरिया, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग के अलावा सुदर्शन महलवार चीफ लीगल एड डिफेंस कौंसिल तथा अन्य काउंसिलगण मौजूद रहे।

जिला अस्पताल में वृद्धजनों के लिए शिविर, 2579 बुजुर्गों का इलाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिला चिकित्सालय दुर्ग में प्रति बुधवार को वृद्धजनों हेतु विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में सभी प्रकार की जांच सुविधा उपलब्ध है। मधुमेह, उच्च रक्तचाप, मोतियाबिंद, गठिया रोग, श्रवण जांच एवं अन्य सभी प्रकार की जांच व उपचार निःशुल्क किया जाता है। सिविल सर्जन डॉ हेमंत साहू से मिली जानकारी अनुसार मई माह में कुल 2579 वृद्धजनों को जांच उपचार से लाभान्वित किया गया है। बुधवार को आयोजित वृद्धजनों के लिए शिविर में मेडिसिन विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ केके जैन, डॉ मनोज दानी, डॉ देवेन्द्र साहू, डॉ तृप्ती तिवारी और डॉ अनिल विवेक सिन्हा, नाक, कान, गला विशेषज्ञ डॉ रीनू तिवारी, जनरल सर्जरी विशेषज्ञ डॉ वाईके शर्मा, डॉ सरिता मिंज, डॉ एके सन्याल और डॉ कामेन्द्र ठाकुर, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ संगीता भाटिया, डॉ बीआर कोसरिया, डॉ अल्पना अग्रवाल और डॉ कल्पना जेफ, अर्थोपेडिक विशेषज्ञ डॉ अखिलेश यादव, डॉ विपिन जैन और डॉ आरके नायक, दन्त रोग विशेषज्ञ डॉ कंचन गुप्ता, डॉ रेणुका जायसवाल, डॉ कामनी डड़सेना, डॉ शिवांशी अग्निहोत्री, डॉ अंजू यादव और डॉ तान्या जायसवाल, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ ममता पाण्डे, डॉ उज्जवला देवांगन, डॉ बीआरण साहू और डॉ स्मिता, आयुर्वेद चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ जयप्रकाश चन्द्राकर तथा त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ गरिमा बालपाण्डे अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

■ अब तक 2579 वृद्धजनों की जांच करके किया उपचार

विगत मई माह में मेडिसीन से संबंधित 853, कान, नाक, गला से संबंधित 88, जनरल सर्जरी से संबंधित 73, नेत्र रोग से संबंधित 323, अर्थोपेडिक से संबंधित 374, दन्त रोग से संबंधित 80, स्त्री रोग से संबंधित 07, आयुर्वेद से संबंधित 261, त्वचा रोग से संबंधित 67 तथा अन्य प्रकार के रोग से संबंधित 453 मरीजों की जांच उपचार कर लाभान्वित किया गया है।

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में किया गया पौधरोपण

दुर्ग। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान दुर्ग में विश्व पर्यावरण दिवस पर संस्था परिसर में तथा आसपास वृक्षारोपण किया गया। जिसमें संस्था के अधिकारी, कर्मचारी तथा प्रशिक्षणार्थियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। पिछले कुछ समय से तापमान में अप्रत्याशित बढ़ोत्तरी होने की वजह से लोगों के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है जिसके परिणामस्वरूप वृक्ष की आवश्यकता तथा महत्व को समझते हुए करीब 50 पौधे संस्था में लगाए गए और इनकी देख रेख के लिए प्रशिक्षणार्थियों को जिम्मेदारी सौंपी गई। कार्यक्रम में प्राचार्य अनिल कुमार टेम्भेकर, प्रशिक्षण अधीक्षक डीके खोब्रागड़े, एए मंसूरी, प्रशिक्षण अधिकारी स्वीटी शर्मा, तृप्ति वर्मा, क्रांति क्षत्रिय, प्रशिक्षणार्थी खिलेश, प्रेमशंकर, सौरव, अमन, निखिल, मनीष, छत्रपाल तथा अन्य प्रशिक्षणार्थी मौजूद थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधारोपण एवं अभिव्यक्ति का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

द इंस्टीटूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) भिलाई शाखा द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 5 जून 2024 को इंजीनियर भवन, सिविक सेंटर, भिलाई में एक वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के विशेष अतिथि डॉ. राकेश ठक्कर, निदेशक, आरआर हॉस्पिटल भिलाई थे। इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए श्री ठक्कर ने संस्था द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं तकनीकी विषयों पर जागरूकता हेतु किया जा रहे प्रयासों की सराहना की। विशिष्ट अतिथि एवं संस्था के सम्मानित सदस्यों द्वारा वृक्षारोपण किया गया एवं पर्यावरण दिवस पर भूमि संरक्षण एवं भूमि के पुनर्जीवन विषय पर अपने विचार अंकित किए। वृक्षारोपण कार्यक्रम में पर्यावरण मित्र मंडल भिलाई से श्री बालू राम वर्मा एवं श्री दिनेश वर्मा का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष पुनीत चौबे, मानसेवी सचिव बसंत साहू, पूर्व अध्यक्ष पीके तिवारी, बीपी यादव, पूर्व सचिव अजय साहू, कार्यकारिणी सदस्य बोनिया मुखर्जी महाप्रबंधक बीएसपी, असीम साहू उप महाप्रबंधक सेल, प्रिज़्म कॉलेज की डायरेक्टर ख्याति साहू, डॉ रिद्धी गुलाटी, बीएसपी के पूर्व अधिकारी एस चड्ढा, पूर्व उपमहाप्रबंधक सेट एसके पाठक, स्वच्छ धारा समिति के नवनीत हरदेल, इंस्टीट्यूशन ऑफ़ इंजीनियर एवं पर्यावरण मित्र मंडल के अनेक सदस्य उपस्थित थे।

■ पर्यावरण दिवस पर बिखेरी हरियाली

स्वच्छ ग्राम हरित ग्राम सप्ताह के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण के लिए कर रहे कार्य

ग्राम पंचायतों में मनरेगा श्रमिकों ने मनाया रोजगार दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिले के प्रत्येक मनरेगा ग्राम पंचायत में रोजगार दिवस का आयोजन किया गया। स्वच्छ हरित ग्राम सप्ताह के तहत ग्राम पंचायतों में पर्यावरण सरंक्षण कार्यो के विषय में मजदूरों को जानकारी दी जा रही है। जिसमें मजदूरों को वर्षाजल की एक-एक बूंद का संरक्षण करने, भू-जल का रिचार्ज करने एवं जल भराव को लंबे अवधि तक रोकने में सोक पीट एवं वाटर हार्वेस्टिंग सरंचना के बारे में जानकारी दी गई। वर्षा जल के प्रभावी प्रबंधन के लिये उपयुक्त स्थानों की पहचान कर सभी सार्वजनिक नलकूप हैण्डपम्प के पास सोक पिट का निर्माण तथा सार्वजनिक पक्के भवनों में वाटर हार्वेस्टिंग सरंचना बनाने के लिए ग्राम पंचायतों में विशेष रैली कार्यक्रम व चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। रोजगार दिवस के उपलक्ष्य में रोजगार देना व रोजगार से संबंधित शिकायतों का निराकरण संबंधित चर्चा की गई। साथ ही ग्राम पंचायत को स्वच्छ एवं बूंद-बूद जल को बचाने का मुहिम भी चलायी जा रही है। वहीं वर्मी कम्पोस्ट नाडेप पिट से जैविक कचरे को पोषक तत्व के रूप में जैविक खाद बनाने, जैविक कचरे का प्रबंधन एवं मृदा स्वास्थ्य में सुधार के लिये गांवों में हितग्राहियों को प्रोत्साहित कर जानकारी दी गयी। ग्राम पंचायतों बेस्ड भुगतान एवं एनएमएमएस ऐप मास्टर की एन्ट्री की जा रही है। रोजगार दिवस के अवसर पर मनरेगा के निर्माण कार्य की मांग, मजदूरों के आधार शिडिंग व कार्य से सबंधित शिकायत जैसी जानकारियां दी गयी। रोजगार दिवस मजदूरों के हक की बाते बताने का एक माध्यम रहा है। ग्राम पंचायत में मनरेगा स्थाई परिसम्पति निर्माण एवं गांव का विकास किया जा सकता है।

■ सोकपीट, वाटर हार्वेस्टिंग की दी जा रही जानकारी

112 मजदूरों को दिया गया अमृत सरोवर तालाब निर्माण कार्य

इसके अलावा ग्राम पंचायत मटिया गुजरा ब्लॉक पाटन में विश्व पर्यावरण दिवस और स्वच्छ हरित ग्राम सप्ताह का आयोजन किया गया। जिसमें 112 मजदूरों को अमृत सरोवर तालाब निर्माण कार्य दिया गया। कार्यक्रम में ग्राम सचिव दीनदयाल वर्मा, सरपंच पीतांबर पटेल, तकनीकी सहायक प्रदीप सोनवानी एवं रोजगार सहायक सीमा कुर्रे उपस्थित रहें।

296 ग्रामों में चल रहे कार्य

योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023.2024 में 304 ग्राम पंचायतों के 296 ग्रामों में 1069 निर्माण कार्य चल रहे है। कुल मजदूरों की संख्या 67 हजार 2 सौ 49 है। जिसमें मानव दिवस 22 लाख 09 हजार 2 सौ 33 उपलब्ध कराया गया है। रोजगार दिवस के दौरान ग्राम पंचायत ठेंगाभाट जनपद पंचायत धमधा जिला दुर्ग में जल संरक्षण जागरूकता अभियान अंतर्गत शपथ एवं जागरूकता रैली निकाला गया और लोगों को जल का महत्व बताया गया। जिसमे पंचायत सचिव, सहायक विस्तार अधिकारी, तकनीकी सहायक, सरपंच, उपसंरपंच, पंच गण रोजगार सहायक समूह की महिलायें एवं ग्रामीणवासी उपस्थित थे।

पीएटीपीव्हीपीटी 2024 प्रवेश परीक्षा 9 जून को

दुर्ग। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में जिले में 09 जून को सुबह 9 से 12.15 बजे तक छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा पीएटीपीव्हीपीटी 2024 प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जाना है। सभी परीक्षार्थी अपने प्रवेश पत्र में उल्लेखित परीक्षा केन्द्रों सें परीक्षा दिवस से एक दिन पूर्व ही अपने परीक्षा केन्द्र की भौगोलिक स्थिति से भली-भाँति परिचित हो जाएं। परीक्षा प्रारंभ होने के पश्चात किसी को भी परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार परीक्षार्थियों को अपना फोटोयुक्त मूल आईडी प्रूफ मतदाता पहचान पत्र, ड्रायविंग लायसेंस, पेन कार्ड, आधार कार्ड, पासपोर्ट, विद्यालय का फोटोयुक्त परिचय पत्र, फोटोयुक्त अंकसूची मूलरूप में परीक्षा केन्द्र में लाना अनिवार्य होगा।

किसानों ने की तांदुला और खारुन नदी का पानी जामगांव आर एरिया में पहुंचाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

भरी तेज गर्मी में लोकसभा चुनाव निपट गए भाजपा नीत एनडीए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तीसरी बार सरकार बनाकर निश्चिंत किसान खेतों की ओर चल पड़े हैं। खेतों में मिट्टी की उर्वरा शक्ति बढ़ाने और खर पतवार खत्म करने खेतों की जोताई प्रारंभ कर दिए हैं। नवतपा के तपन ने वर्षा के बेहतरीन संकेत दिए है। मानसून आने के पहले ही सारी तैयारी में किसान जुट चुके हैं। जामगांव आर एरिया में सिंचाई पानी साधन उपलब्ध नहीं होने के कारण किसान सिंगल फसल ही ले पाते हैं। खारुन नदी से टेमरी माइनर तक आने वाली पानी और भाठागांव उद्वहन सिंचाई योजना से पानी प्रवाह एरिया में प्रवाहित करने के लिए सरकार सजग भूमिका निभाए तो जामगांव आर एरिया के किसानों की माली हालत सुधर सकती है।

राज्य सरकार से उम्मीद लगाए बैठे हैं क्षेत्र के किसान, पानी मिला तो किसानों सुधरेगी दशा

खाद बीज समय पर सुलभता के साथ मिले

किसान भगवान चंद्राकर ने कहा कि किसानों को उपयुक्त समय पर खाद बीज मिले। किसानों को अनावश्यक चक्कर लगाना नही पड़े इस बात का ध्यान अधिकारी रखे शासन के प्रतिनिधि पूर्णतः सजग रहे। बचत चुनाव निपट चुके है इसलिए किसानों को अब कोई घोषणा का इंतजार भी नही है।भाजपा किसानों के हित में जो घोषणा किए थे वादा निभाना सत्ता में बैठते ही विष्णुदेव भाजपा सरकार ने पूर्ण कर दिए।किसान प्रसन्न है जो लोकसभा चुनाव में प्रदेश में भाजपा सांसदों की 11 में 10 के कारण आंकड़े ने साबित कर दिया।और तो और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को भी लोकसभा चुनाव में हराकर किसानों ने साबित कर दिया जो पार्टी किसानों का अच्छा सा ख्याल रखे हम उनके साथ देने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे।

अन्नदाता किसान के विकास पर देश का विकास

किसान लालजी डहरे कहते हैं कि किसान बहुत सरल है कोई भी सरकार किसानों के साथ छलकपट नही करे, किसान सदैव उनके साथ होते हैं। किसानों की इस सोच को छत्तीसगढ़ के विधानसभा और लोकसभा चुनाव परिणाम ने साबित कर दिया है। उन्होंने कहा कि किसान अन्नदाता है वही पिछड़ा रहेगा तो देश कैसे आगे बढ़ सकता है। पानी के लिए जामगांव आर एरिया किसान भगवान भरोसे होते है।सरकार ध्यान दे योजना बनाए तो खेतो की प्यास बुझाने पर्याप्त पानी मिल सकती है। किसान हो सकते है खुशहाल।

किसानों के लिए वरदान साबित होगा

किसान कामता प्रसाद साहू द्रोणचंद्रकार भीखम राठी राजू केला प्रमोद जैन जीवधन साहू अंकालु साहू कौशल साहू विक्रम साहू आदि ने कहा कि सरकार किसानों को भरपूर पानी खेतो के लिए उपलब्ध कराने में योजना तैयार कर क्रियान्वित करे अन्य संसाधन आसानी से उपलब्ध कराए संबंधित अधिकारी कर्मचारी को भोले भाले किसानों के साथ अनुकुलतम सरलता के साथ मार्गदर्शन देने हिदायत दे।निश्चित तौर पर किसानों की सफलता सरकारों की सफलता में मददगार साबित होगी। किसानों ने कहा कि भाठा गांव उदवहन और टेमरी माइनर में आने वाली खारुन नदी की पानी से जामगांव आर एरिया के किसानों को भरपूर पानी मिल सकती है।सिंगल क्राप्त एरिया का अभिशाप मिट सकता है।किसानों की माली हालत सुधर सकती है।

खबर संक्षेप

विधायक रिकेश हुए दिल्ली रवाना

भिलाई। दुर्ग लोकसभा चुनाव में सबसे अधिक लीड वैशाली नगर विधानसभा से दिलाने वाले विधायक रिकेश सेन प्रधानमंत्री मोदी के शपथ ग्रहण समरोह में शामिल होंगे। शुक्रवार को रायपुर में भाजपा विधायक दल की बैठक में शामिल होने पहुंचे विधायक रिकेश सेन को प्रधानमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह का आमंत्रण मिला। नतीजतन श्री सेन शुक्रवार की रात दिल्ली रवाना हो रहे हैं। वो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 3.0 शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे।

उतई में कबड्डी प्रशिक्षण शिविर का समापन

उतई। छत्तीसगढ़ शासन खेल व युवा कल्याण विभाग दुर्ग द्वारा 21 दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन जय शीतला स्पोर्ट्स क्लब कॉलेज ग्राउंड उतई में किया गया। जिसमें उतई के अलावा आसपास के गांव खोपली, डुमरडीह, पतोरा, डुंडेरा, उमरपोटी आदि स्थानों से बड़ी संख्या में बच्चों ने भाग लिया। कबड्डी प्रशिक्षण शिविर में जय शीतला स्पोर्ट्स क्लब के कोच मोहित साहू ने बच्चों को कबड्डी खेल की बारीकियों से सभी को परिचय कराया। खेल के नियम की जानकारी दिया। बच्चे इस शिविर में आकर बहुत उत्साहित हुए ।

अंचल के विभिन्न जगहों पर पौधारोपण कर मनाया विश्व पर्यावरण दिवस

फलदार और छायादार पौधों का रोपण कर लोगों को दिया जागरुकता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद

विश्व पर्यावरण दिवस की पावन अवसर पर शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी छत्तीसगढ़ के पदाधिकारी के द्वारा विभिन्न जगहों पर पौधारोपण का कार्य किया गया। संस्था के संस्थापक राष्ट्रपति पुरस्कृत संजय कुमार मैथिल के संयोजन में विभिन्न जगहों पर पौधारोपण किया गया जिसमें संजय मैथिल द्वारा फलदार पौधे लगाए गए। वहीं संरक्षक राष्ट्रपति पुरस्कृत परसराम साहू, सलाहकार मोहित कुमार शर्मा, अध्यक्ष मीना भारद्वाज, मेहत्तर लाल देवांगन, गीता देवांगन, सुनीता जनार्दन, डॉ. शीला शर्मा आदि के द्वारा पौधारोपण का कार्य बहुत ही सराहनीय ढंग से एवं समाज को पेड़ लगाने प्रेरित कर किया गया और साथ ही वर्चुअल माध्यम से गीत-संगीत कविता का आयोजन संजय मैथिल के संयोजन में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता परस राम साहू, आभार प्रदर्शन मोहित कुमार शर्मा और कार्यक्रम का संचालन मीना भारद्वाज, सरस्वती वंदना डॉ शीला शर्मा, सुचिता साहू के द्वारा किया गया। इस अवसर पर सदस्य मोहित कुमार शर्मा, हेमा चंद्रवंशी, शशि कला पांडे, सुनीता जनार्दन, लक्ष्मी बघेल, धर्मेंद्र, श्रवण, पुष्पांजलि ठाकुर, नंदनी देशमुख, अनीता गौतम, तृप्ति शर्मा, प्रभा ठाकुर, संतोष मिरी, देव कुमारी गायकवाड, संगम वर्मा, भोलाराम सिन्हा आदि के द्वारा सराहनीय प्रस्तुति रही।

शिक्षक कला प्रतिभा संस्था ने गीत-संगीत का किया आयोजन

पुरस्कार में बच्चों को बांटे बरगद के पौधे

भिलाई। मीरा के श्याम पर्यावरण महिला, बाल विकास संस्थान दुर्ग की अध्यक्ष वेणु वर्मा द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सेक्टर-10 भिलाई में पौधरोपण सहित विविध आयोजन किए गए। इसमें पर्यावरण संरक्षण पर निबंध और पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें 142 बच्चों ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में कियान बंछोर ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया, जिन्हें विशेष पुरस्कार दिया गया। इसी क्रम में पुरस्कार स्वरुप सभी बच्चों को बरगद के पौधे बांटे गए। वहीं आयोजन में भाग लेने वाले बच्चों द्वारा पौधरोपण करवाकर संस्था द्वारा इन पौधों की सुरक्षा व देखभाल की शपथ भी दिलाई गई। इस कार्यक्रम में आराधना एक्का, दुलेश्वर वर्मा, ढाल सिंह वर्मा, चेतना, दीप्ती, श्रेया, कुलदीप बंछोर, ज्योति शर्मा, रुखमणी यादव, पलक गुप्ता, मुस्कान गुप्ता, पूनम गुप्ता सहित अन्य लोग शामिल थे। आसपास के लोगों के आयोजन की सराहना भी की।

देवरी ख में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया

अंडा। विश्व पर्यावरण दिवस पर ग्राम देवरी ख में गांव के भाटा तालाब में गांव में हरियाली आने के लिए छायादार पौधों के रोपण का कार्य किया गया। इस अवसर पर गांव के सरपंच खिलेन्द्र कुमार साहू, सचिव गुलाब साहू, उर्वशी हरमुख रोजगार सहायक एवं मनरेगा मेट ललित साहू, तामेश्वर साहू, कार्ति साहू, नंदनी साहू, कांति सेन, कुसुमप्रभा निषाद, कुसुम देशमुख, योगेश्वरी गायकवाड़, तीजन गायकवाड़ एवं उमेश साहू उपस्थित थे। इस अवसर पर गांव के सरपंच खिलेन्द्र साहू ने कहा कि जिस तरह पेड़ लगाने का संकल्प लिए हैं, उसी तरह उस पेड़ को बड़े करने का उसमें पानी, खाद डालकर उसको बड़े करने का संकल्प लिया और समस्त ग्रामवासियों को जागरूक किया कि सभी ग्रामीण गांव में एक पेड़ जरूर लगायें।

छोटा रावण क्रिकेट क्लब अंडा विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के गौरव ग्राम अंडा में रात्रिकालीन प्लास्टिक बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 29 मई से शुरु हुआ था। जिसमें 30 से अधिक टीमों ने हिस्सा लिया। सभी टीमों ने अपने खेल का प्रदर्शन किया।

फायनल मैच के मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष किसान कांग्रेस पुकेश चंद्राकर थे। 2 जून को प्लास्टिक बॉल क्रिकेट का फायनल छोटा रावण क्रिकेट क्लब अंडा व सेवन स्टार ग्राम चिंगरी के मध्य खेला गया। जिसमें छोटा रावण ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 ओवर में 110 रनों बनाए। सेवन स्टार ग्राम चिंगरी की टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए 60 रनों में ऑलआउट हो गई। यह मैच छोटा रावण ने 50 रनों से जीत कर ट्रॉफी व नगद 5 हजार का पुरस्कार मिला। उपविजेता टीम को चिंगरी को 3 हजार व विनर कर सहित मैडल दिया गया। तृतीय पुरस्कार बड़ा रावण क्रिकेट अंडा के नाम रहा। फाइनल मैच के मैन आफ द मैच सीबू यादव रहे। जिन्होंने फाइनल मैच में काफी रन एवं विकेट लेकर यह किताब हासिल किया। पूरे आयोजन के मैच में सर्वाधिक रन बना कर मैन आफ द सीरीज का खिताब ग्राम चिंगरी से विक्की ने अपने नाम किया। इस प्रतियोगिता में विशेष पुरस्कार के प्रतिभागी बेस्ट दर्शक तेज चौहान, कुलेशवर चंद्राकर, गोवर्धन, बेस्ट बैटसमैन प्रियांशु साहू, बेस्ट गेंदबाज विजय साहू चिंगरी, बेस्ट कैच भोजु सिन्हा को प्रदान किया गया। जिला अध्यक्ष किसान कांग्रेस पुकेश चंद्राकर ने कहा कि युवाओं द्वारा क्रिकेट प्रतियोगिता के आयोजन से क्रिकेट खिलाड़ियों को अपना खेल प्रदर्शित करने का मौका मिला। युवाओं द्वारा एक अच्छा आयोजन किया गया। उन्होंने सभी से पर्यावरण को बचाने के लिए पौधारोपण करने की अपील की।

■ ग्राम अंडा में प्लास्टिक बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता मैच का हुआ समापन

समापन अवसर पर ग्राम के वरिष्ठ हेमेंद्र चंद्राकर ने कहा कि खेलों में प्रतिभागिता करते रहने से हमारा शरीर स्वस्थ रहता है। उन्होंने कहा कि हार व जीत एक ही सिक्के के दो पहलु है। आभार प्रदर्शन देवा व संचालक खिलेन्द्र यादव ने किया। इस अवसर पर दाऊ पुकेश चन्द्राकर, हेमेंद्र चन्द्राकर, संतोष सिनहा , बिरेंद्र साहू , रेखु महराज, सुखनंदन चन्द्राकर, किशोर चंद्राकर,कुलेशवर चंद्राकर तेजराम चौहान, बलराम साहू राजेन्द्र साहू , मनोज चंद्राकर , लक्ष्मीनारायण सिन्हा, मुकेश चंद्राकर,प्रदीप यादव , नवीन, देवा , सुभाष, प्रयाग, सीबु आदि मौजूद थे।

निधन

सुशील चौबे



भिलाई। डगनिया बाजार चौक रायपुर निवासी सुशील चौबे मनियारी वाले उम्र 68 वर्ष का 7 जून को आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 8 जून को सुबह 9 बजे महादेव घाट मोक्षधाम में किया जायेगा। वे अंकित और अर्पित चौबे के पिता थे। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड गए हैं।

भागवती सागर

भिलाई। भागवती सागर पति स्व.झगरू सागर उम्र 80 वर्ष का उनके निवास स्थान कोसानाला में निधन हो गया। वे विगत एक सप्ताह से बीमार चल रही थी। उनका अंतिम संस्कार रामनगर मुक्ति धाम में किया गया। वे शांति की मां और मंगेश, जवाहर व जगदीश की नानी थीं।

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के सीइओ को विधायक ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने जिले के समस्त सोसायटियों में खाद्य, बीज की उचित उपलब्धता व भंडारण की व्यवस्था के लिए ज़िला सहकारी केन्द्रीय बैंक के सीइओ को फ़ोन और पत्राचार के माध्यम से निर्देश प्रदान किया। कुछ दिनों में बारिश का सीजन चालू हो जायेगा, किसान भाई बहन खेती किसानी के कार्य में लग गए हैं। खेती किसानी के काम को देखते हुए आगामी खरीफ सीजन के मद्देनजर 15 जून तक प्रदेश के सभी सोसायटियों में किसानों को उनकी डिमांड के अनुसार मानक स्तर के खाद-बीज की सरलता से उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु अधिकारियों को विशेष निर्देश दिए हैं। राज्य में खाद-बीज पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। किसान साथियों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। इस संबंध में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। खरीफ सीजन में किसान भाईयों द्वारा डीएपी खाद की मांग ज्यादा की जाती है। इसको ध्यान में रखते हुए डीएपी खाद की मांग के अनुरूप सतत आपूर्ति पर विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए गए हैं।

शिकसा का शपथ ग्रहण व सम्मान समारोह 12 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

शिक्षक कला व साहित्य अकादमी शिकसा छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में राज्य स्तर पर नये प्रांतीय पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण व शिक्षक साथियों को सम्मानित करने के लिये आयोजन शिकसा शपथ ग्रहण व सम्मान समारोह 2024 का आयोजन संयोजक डॉ.शिवनारायण देवांगन आस के संयोजन में 12 जून को सुबह 10 बजे से वृन्दावन हाल सिविल लाइन रायपुर में किया गया है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री अरूण साव होंगे। अध्यक्षता सांसद विजय बघेल करेंगे। अतिविशिष्ट अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चन्द्राकर, रविशंकर शुक्ल विवि पूर्व संचालक डॉ. प्रकाश ठाकुर, उच्च शिक्षा व साहित्य संस्कृतिविद आचार्य व पूर्व प्राचार्य डॉ. महेशचन्द्र शर्मा एवं छत्तीसगढ़ी फिल्म अभिनेत्री जागेश्वरी मेश्राम उपस्थित रहेंगे। संस्थापक व संयोजक डॉ. शिवनारायण देवांगन आस ने बताया कि नये कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण, कलेण्डर, शिकसा डायरी, शिकसा परिचायिका व काव्य कृतियों का विमोचन और 161 शिक्षकों को शिकसा शिक्षक सम्मान 2024 से सम्मानित किया जायेगा।

पीएम आवास के लिए सीएम के नाम पर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद

छत्तीसगढ़ प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास की आस में लेकिन हितग्राही को आवास नही मिल पा रहा है । भूपेश बघेल सरकार ने 2011 में छुटे ज़रूरत मंद लोगो को मुख्यमंत्री आवास देने के उद्देश्य से सर्वे कराया था लेकिन सरकार बदलने से उस योजना पर ग्रहण लग गया गांव के गरीब मजदूर जो आज भी कच्चे घरों में निवासरत है उनकी स्थिति देख हर किसी का मन दुख जाएगा कई परिवार आज खुद का घर टूट जाने से शासकीय भवन या दूसरे के घर रहने मजबूर है पाटन ब्लाक के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत कुर्मीगुंड्रा की सरपंच पार्वती आडिल ने मुख्य मंत्री के नाम से एस डी एम पाटन को ज्ञापन सौपा सरपंच पार्वती आडिल ने बताया की जनवरी माह में शासन के निर्देश पर प्रधानमंत्री आवास प्लस के हितग्राहियों का फार्म भरकर जनपद पंचायत पाटन में हमने जमा किया लेकिन आज पर्यन्त तक उस फार्म का पंजीयन चालू नही हुआ है हितग्राही आवास का स्वीकृत होने का इंतजार में बैठे है कइयों के कच्चे घर इस बारिश में टूट सकते है ऐसे में कइयों का परिवार तकलीफों में आ जाएगा सरपंच ने बताया की कुर्मी गुंडरा पंचायत में 74 लोगो का नाम आवास पल्स में है बारिश से पूर्व स्वीकृति मिल जाएगा तो हितग्राही अपना मकान बनाना चालू कर सकता है।

बट वृक्ष की पूजा-अर्चना कर वट सावित्री कथा सुनी



ननकटठी। ग्राम ननकटठी में महिलाओं ने बट वृक्ष की पूजा ,अर्चना, परिक्रमा कर बट सावित्री कथा सुनीं। कथा सुनाते हुए पंडित चंपेश कृष्ण महाराज ने बताया कि जयेस्ठ कृष्ण अमावस्या को बट सावित्री के व्रत रूप में मनाया जाता है, इस दिन माताएं गौरी गणेश व सावित्री से अखंड सौभाग्य का वरदान मांगती है ।बटवृक्ष की पूजा प्रकृति से जुड़ने का संकेत है बटवृक्ष को शिवाजी का प्रतीक माना गया है।

न्यायालय तहसीलदार बोरी, जिला दुर्ग (छ.ग.)

।। ईश्तहार ।।

रा.प्र.क्र.-202405102700007 /अ-6/ वर्ष 2023-24

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक अशोक कुमार नवरंगे पिता पंचराम नवरंगे, जाति सतनामी, निवासी-ग्राम ढाबा, तहसील व जिला दुर्ग द्वारा ग्राम परसदापार, प.ह.नं. 06, रा.नि.मं. बोरीबुजुर्ग, तहसील बोरी, जिला दुर्ग, स्थित भूमिस्वामी हक में दर्ज भूमि ख.नं. 410 रकबा 0.46 हे. जुगबती पिता कल्लू के नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि को भूधारक /वसीयतकर्ती जुगबती पिता कल्लू अपने जीवनकाल में पंजीकृत वसीयतनामा दिनांक 18 जनवरी 2012 को वसीयत प्राप्तकर्ता अशोक कुमार नवरंगे पिता पंचराम नवरंगे के पक्ष में निष्पादित किया गया है, जिसके आधार पर वसीयत नामांतरण किये जाने बाबत आवेदन पत्र पंजीकृत वसीयतनामा, शपथपत्र, आधारकार्ड, तलवाना सहित प्रस्तुत किया गया है, जोकि इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतः उपरोक्त वादभूमि को पंजीकृत वसीयतनामा के आधार पर आवेदक अशोक कुमार नवरंगे पिता पंचराम नवरंगे, निवासी-ग्राम ढाबा, तहसील व जिला दुर्ग के नाम पर नामांतरण किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या दावा हो तो वे स्वयं अथवा अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ सुनवाई तिथि 24.06.2024 को या उसके पूर्व उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 07.06.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर तहसीलदार बोरी

न्यायालय तहसीलदार बोरी, जिला दुर्ग (छ.ग.)

।। ईश्तहार ।।

रा.प्र.क्र.-202404102700020/ ब-121/ वर्ष 2023-24

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक बिसहत पटेल पिता स्व. वैसाखु पटेल निवासी ग्राम करेली, तहसील बोरी, जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा ग्राम करेली, प.ह.नं.-07 राजस्व निरीक्षक मण्डल बोरी, तहसील बोरी जिला दुर्ग में उनकी माता सोहद्रा की मृत्यु दिनांक 11/02/2015 को ग्राम करेली तहसील बोरी जिला दुर्ग में हो जाने के कारण मृत्यु प्रमाणपत्र आदेश प्रदाय किये जाने बाबत आवेदनपत्र मय शपथ-पत्र, पुलीस जॉच रिपोर्ट, ग्राम पंचायत प्रमाण पत्र, पटवारी प्रतिवेदन संलग्न कर पेश किया गया है, जोकि इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्तानुसार आवेदक को उनकी माता सोहद्राबाई का मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति/ दावा हो तो वे नियत समय में स्वयं अथवा अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ सुनवाई दिनांक 10/06 2024 को या उसके पूर्व उपस्थित होकर अपना आपत्ति/ दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक. 13.05.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर तहसीलदार बोरी

बिजनेस साइट

सन पब्लिक स्कूल, चंदखुरी के छात्र यशवंत कुमार का नीट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन

दुर्ग। सन पब्लिक स्कूल, चंदखुरी के मेधावी छात्र यशवंत कुमार देवांगन का राष्ट्रीय एंट्रेस एग्जाम नीट-2024 में उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। यशवंत ने श्रेष्ठ प्रदर्शन कर 720 में से 637 अंक अर्जित कर अपने माता-पिता, परिवार व स्कूल का नाम रौशन किया है। यशवंत ने सन पब्लिक स्कूल चंदखुरी से 12वीं सीबीएसई की परीक्षा सत्र 2022-23 में 86 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण की। इनके पिता चेला राम देवांगन प्राइवेट नौकरी करते हैं और माता टूकेश्वरी देवांगन गृहिणी हैं जो कि चंदखुरी के निवासी हैं। छात्र यशवंत की इस उपलब्धि पर संस्था प्रमुख सुशील चन्द्राकर, ज्वाइंट डायरेक्टर शालिनी चन्द्राकर, जय चन्द्राकर, प्राचार्या फरीना कादी और रचना सोनी, संजना मारथा, जी. शुभालक्ष्मी, हेमलता चेट्टी, रतना साहू, संतोष साहू, पूरन साहू सहित शाला के समस्त शिक्षकों ने बधाई दी।

जामुल भाजपा मंडल की टीम ने किया सांसद बघेल का स्वागत



भिलाई। जामुल भाजपा मंडल के नेतृत्व में समस्त कार्यकर्ताओं द्वारा सांसद विजय बघेल का उनके निवास में स्वागत किया गया। स्वागत की कड़ी में भाजपा जिला उपाध्यक्ष व पूर्व पालिका अध्यक्ष रेखराम बंछोर, वरिष्ठ भाजपा नेता व पार्षद दीपक गुप्ता, महामंत्री द्वय नूतन वर्मा, बंटी प्रशांत गुप्ता, जिलाउपाध्यक्ष युवामोर्चा जितेंद्र साहू, पार्षद रामदुलार साहू गुल्ली, पूर्व मंडल अध्यक्ष व सांसद प्रतिनिधि हलधर साहू, जिलामंत्री ओबीसी मेघनाथ साहू, जिलामंत्री एससी बी आर रामटेके, मंडल उपाध्यक्ष दीपक सिंह, अरुण यादव, ठाकुर विक्रम सिंह, कोषाध्यक्ष सुभाष पंचाल, मंडल मंत्री संजय यादव, युवामोर्चा अध्यक्ष सोनू यादव, महिलामोर्चा अध्यक्ष रूपेश्वरी वर्मा, महामंत्री अनूप राय, मोर्चा अध्यक्ष दौवा राम ठाकुर, किसान मोर्चा अध्यक्ष रामचंद्र साहू आदि उपस्थित थे।

मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट

समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना ।प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक

जीवन ज्योति क्लीनिक डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.) स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

खबर संक्षेप

आशीष को विधायक देवेन्द्र ने नियुक्त किया प्रतिनिधि

भिलाई। भिलाई नगर विधायक देवेन्द्र यादव ने कांग्रेस की छात्र इकाई एनएसयूआई से राजनीति की शुरुआत करने वाले सेक्टर 1 वार्ड 48 निवासी आशीष यादव को अपना प्रतिनिधि नियुक्त किया है। विधायक प्रतिनिधि के रुप में आशीष यादव का कार्यक्षेत्र छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय भिलाई रहेगा। अपनी इस नियुक्ति पत्र आशीष यादव ने विधायक देवेन्द्र यादव का आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि जिस विश्वास और उम्मीद से उन्हें जिम्मेदारी दी गई है उसका निर्वहन वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से करेंगे। छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय भिलाई में विधायक देवेन्द्र यादव के प्रतिनिधि बनाए गए आशीष यादव वर्तमान में प्रदेश कांग्रेस कमेटी में प्रवक्ता की भी जिम्मेदारी निभा रहे हैं।

पूर्णिमा बनी चरोदा मंडल महिला मोर्चा अध्यक्ष

भिलाई। पूर्व पार्षद रही पूर्णिमा ठाकुर को भाजपा चरोदा मंडल महिला मोर्चा का अध्यक्ष बनाया गया है। इनकी नियुक्ति सांसद विजय बघेल व विधायक अहिवारा डोमन लाल कोर्सेवाड़ा की अनुशंसा पर भिलाई जिला भाजपा अध्यक्ष महेश वर्मा, चरोदा मंडल भाजपा अध्यक्ष सुषमा जेठानी की सहमति से महिला मोर्चा भिलाई जिला अध्यक्ष स्वीटी कौशिक ने की है। नियुक्ति पर श्रीमती ठाकुर ने सभी वरिष्ठ नेताओं का आभार जताया है। चरोदा मंडल महिला मोर्चा अध्यक्ष बनने पर पूर्णिमा ठाकुर को अर्चना महतो, गीता शर्मा, मोना वैष्णव, ओम प्रभा श्रीवास, सरिता महतो, डिंपल ठाकुर, चांदनी साहू, इंदु साहू, बेबी शर्मा, प्रमिला टांडी, उर्मिला टांडी, उषा चौहान, सरिता ठाकुर, ममता सिंह, प्रेमलता विश्वकर्मा, कल्पना बाला, आशा यादव, मीना साव, रीना सिंह, ज्योति अग्रवाल ने हर्ष व्यक्त किया है।

श्रुति ने नीट-2024 में प्राप्त किए 706 अंक



भिलाई। नेशनल एंट्रेंस कम एलिजिबिलिटी टेस्ट–2024 (नीट) में भिलाई की श्रुति अग्रवाल राज्य में शीर्ष स्थान प्राप्त करने वालों में से एक बन गयी हैं। उन्हें 98.40 प्रतिशत अंक हासिल हुए हैं। श्रुति, बीएसपी के महाप्रबंधक शैलेंद्र अग्रवाल, की पुत्री हैं, तथा उनकी मां किरण अग्रवाल गृहिणी हैं। दिल्ली पब्लिक स्कूल, भिलाई की छात्रा श्रुति ने अखिल भारतीय प्री–मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीटमें 720 में से 706 अंक प्राप्त किए हैं। श्रुति का आल इंडिया रैंक 820 है, तथा महिला वर्ग में उन्होंने 476 वां स्थान प्राप्त किया है। वे अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) से एमबीबीएस की शिक्षा प्राप्त कर एक कुशल डाक्टर बनकर समाज और राष्ट्र की सेवा करना चाहती हैं। अपनी इस सफलता पर "बीएसपी–टाउनशिप की सकारात्मक शैक्षिक संस्कृति से मुझे परीक्षाओं के लिए अच्छी तैयारी करने में काफी सहायता मिली है।

भिलाई इस्पात संयंत्र के ठेका श्रमिकों में बढ़ा आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक के कार्यकारिणी की बैठक सेक्टर 4 में संपन्न हुई। बैठक मे भिलाई इस्पात संयंत्र में कार्य कर रहे ठेका श्रमिकों के समस्या को लेकर चर्चा किया गया। यूनियन ने कहा कि प्रबंधन को कई बार ज्ञापन देने के बाद भी समस्याएं यथावत हैं।

बैठक में कहा कि 8 फरवरी को सेल प्रबंधन द्वारा ठेका श्रमिकों के ए डब्ल्यू ए की राशि में 1400 रुपए की बढ़ोतरी की गई है लेकिन सेल के अन्य संयंत्रों में ठेका श्रमिकों को मार्च से राशि वितरित किया जा चुका है लेकिन संयंत्र प्रबंधन द्वारा आदेश निकलने के बाद भी ठेका कंपनियों द्वारा अभी तक अधिकांश जगह में ए डब्ल्यू ए की राशि नहीं दी गई है जिससे ठेका श्रमिकों में काफी आक्रोश है। 12 जून को सुबह 8 बजे से 9 तक सेक्टर वन के मुर्गा चौक में प्रदर्शन किया जाएगा।

लंबित एडब्ल्यूए को लेकर इंटक का 12 को प्रदर्शन

बीएसपी के ठेका के ऑपरेटिंग अथॉरिटी के रवैया से श्रमिकों में आक्रोश

भिलाई इस्पात संयंत्र के ठेका श्रमिकों की शिकायत है की वेतन एवं अन्य समस्याओं को लेकर वह अपने उच्च अधिकारी या ऑपरेटिंग अथॉरिटी के पास समस्या लेकर जाने पर ऑपरेटिंग अथॉरिटी द्वारा जवाब दिया जाता है कि काम करना है तो करो नहीं तो जाओ। अध्यक्ष संजय साहू ने कहा कि ठेका श्रमिकों के समस्याओं को लेकर के लगातार प्रबंधन से चर्चा की जा रही है लेकिन समाधान नहीं होने के कारण 12 जून को प्रदर्शन के बाद भी समस्या का समाधान नहीं होता तो बड़ा आंदोलन करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

संयंत्र में 22000 ठेका श्रमिक कार्यरत हैं लेकिन भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन द्वारा उन्हें सिर्फ एक गेट से आने-जाने की सुविधा दी गई है। उन्हें ईएसआईसी हॉस्पिटल एवं आईआर ऑफिस जाने के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है सीआईएसफ द्वारा उन्हें अन्य गेटों से आने-जाने नहीं दिया जाता है। वेतन एवं अन्य समस्याओं को लेकर वह अपने उच्च अधिकारी या ऑपरेटिंग अथॉरिटी के पास समस्या लेकर जाने पर ऑपरेटिंग अथॉरिटी द्वारा जवाब दिया जाता है कि ठेका कम राशि में लिया गया है इसलिए आप लोग को कम वेतन में काम करना है तो करो नहीं तो गेट पास जमा करके जा सकते हो। यूनियन अध्यक्ष अध्यक्ष संजय साहू ने कहा कि ठेका श्रमिकों की समस्या को लेकर के भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन को समय-समय पर ज्ञापन दिया गया लेकिन अधिकांश समस्याएं यथावत है।

8 फरवरी को सेल प्रबंधन द्वारा ठेका श्रमिकों के ए डब्ल्यू ए की राशि में 1400 रुपए की बढ़ोतरी की गई है लेकिन सेल के अन्य संयंत्रों में ठेका श्रमिकों को मार्च 2024 से राशि वितरित किया जा चुका है।

बैठक में सीपी वर्मा, दीनानाथ सिंह मनोहर लाल आर दिनेश गुरुदेव साहू जसबीर सिंह रिखीराम साहू संतोष ठाकुर जयराम ध्रुव कान्हा राम सुरेश दास टंडन ओमप्रकाश देवांगन दाऊ लाल, देवेंद्र कुमार राकेश कुमार टी रामू निलेश कुमार अमरजीत भोजराज मनोज कुमार यादव जय कुमार इंद्रमणि दमन लाल साहू नारायण एवं कार्यकारिणी के सदस्य उपस्थित थेजाए एवं परिवार के सभी सदस्यों को ईएसआईसी में जोड़ा जाए। बैठक में सीपी वर्मा, दीनानाथ सिंह मनोहर लाल आर दिनेश गुरुदेव साहू जसबीर सिंह रिखीराम साहू संतोष ठाकुर जयराम ध्रुव कान्हा राम सुरेश दास टंडन ओमप्रकाश देवांगन दाऊ लाल, देवेंद्र कुमार राकेश कुमार टी रामू निलेश कुमार अमरजीत भोजराज मनोज कुमार यादव जय कुमार इंद्रमणि दमन लाल साहू नारायण एवं कार्यकारिणी के सदस्य उपस्थित थे।

एचटी रेल का भी व्यावसायिक उत्पादन शुरु

भिलाई इस्पात संयंत्र ने रेलवे को भेजा हीट-ट्रीटेड रेल के चार रेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र की यूनिवर्सल रेल मिल ने माइक्रो–अलाय आर–260 ग्रेड रेल के नियमित उत्पादन के साथ भारतीय रेलवे के स्पेसीफिकेशनों के अनुसार हीट–ट्रीटेड रेल की रोलिंग प्रारंभ कर दी है।भारतीय रेल नेटवर्क में जहाँ ट्रेनों का एक्सल लोड अधिक होता है और जहाँ ट्रेन तेजी से गति पकड़ती है और रूकती है, उन हिस्सों में ट्रेनों के पहिये और पटरियों के बीच घर्षण अधिक होता है। रेल परिवहन के ऐसे हिस्सों में विशेष हीट–ट्रीटेड ग्रेड रेल सबसे उपयुक्त है। बीएसपी के निदेशक प्रभारी सहित सभी कार्यपालक निदेशकों ने कहा कि टीम वर्क से यह उपलब्धी प्राप्त हुई है।

सेल की अनुसंधान शाखा आरडीसीआईएस में कड़े परीक्षणों और भारतीय रेलवे की अनुसंधान शाखा आरडीएसओ से अनुमति के बाद अक्टूबर 2023 में यूनिवर्सल रेल मिल में आर 350 एचटी रेल का व्यावसायिक उत्पादन शुरू हुआ। द्वारा 31 अक्टूबर 2023 को 260 मीटर लंबाई में आर350 एचटी रेल की 1000 टन की पहली खेप भारतीय रेलवे को भेजी गई।

बीएसपी से 20 अप्रैल को आर 350 हीट–ट्रीटेड रेल के 60 पैनलों की दूसरी रेक रेलवे को भेजी गई। इसके बाद अप्रैल में हीट–ट्रीटेड रेल के दो और रेक रोलिंग कर भारतीय रेलवे को भेजा गया, जिससे अब तक भेजे गए आर 350 एचटी रेल के रेकों की कुल संख्या चार हो गई।

यूरोपीय देशों से अधिक स्पेशिफिकेशन

यूनिवर्सल रेल मिल से विश्व की सबसे लंबी 130 मीटर रेल को सिंगल पीस में रोल कर, भारतीय रेलवे को 260 मीटर वेल्डेड रेल पैनलों में आपूर्ति करता है। माइक्रो–अलायड रेल की आवश्यकता को पूरा करने हेतु, सेल–बीएसपी ने 60ई 1 प्रोफाइल के साथ आर–260 रेल का एक नया ग्रेड विकसित किया था। इसे जुलाई 2022 से रोलिंग कर भारतीय रेलवे को आपूर्ति किया जा रहा है। आर260 ग्रेड रेल के मानदंड और स्पेसीफिकेषन सेल–बीएसपी द्वारा पूर्व में उत्पादित ग्रेड–880 या यूटीएस–90 रेल और यहां तक कि यूरोपीय देशों में उपयोग की जाने वाली रेल के स्पेसीफिकेशन से भी कहीं अधिक कड़े हैं।

डायरेक्टर इंचार्ज ने की कार्मिकों की हौसला आफजाई

आर 350 एचटी रेल भी भेजी

2024 में सेल–भिलाई इस्पात संयंत्र ने कम्बो रोलिंग मोड में आर260 रेल के 56 रेक डिस्पैच के साथ आर350 एचटी रेल के भी तीन रेक डिस्पैच किए। चौथे रेक के लिए एचटी रेल्स उत्पादन में प्रतिदिन औसतन 10 घंटे रोलिंग के साथ केवल तीन दिन का समय लगा। पहली रेक हेतु की गई रोलिंग की तुलना में एचटी रेल की प्राइम स्वीति में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

पेट्रोलिंग टीम ने पकड़ा चोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंडा

थाना अंडा क्षेत्र से 2 किमी के दूरी पर नहर नाली के पास 28 मई को अज्ञात चोर व्दारा चोरी करके ले गया, अंडा निवासी गीतांजली जोशी पति कमलेश जोशी उम्र 27 वर्ष पता ग्राम अण्डा जंजगिरी रोड थाना अण्डा चोरी की गई सम्पत्ति जिसमें 1 नग सोने का आयरिंग 30,000/- रूपये, 1 नग चांदी का अंगुठी 1000 तथा पोको कंपनी का मोबाईल 5000 रूपये सभी पुरानी इस्तेमाली जुमला कीमती 36,000 रूपये की हैं। थाना प्रभारी अंडा श्रध्दा पाठक के मार्गदर्शन से विवेचक एएसआई सुंदर लाल नेताम ने बताया कि गत रात्रि 10 बजे खाना खाकर मैं अपने पति कमलेश जोशी के साथ मकान के उपर छत में खाट बिछाकर दोनो सोये थे, गत रात्रि करीबन 3 बजे अचानक मेरे शरीर मे हाथ लगने का एहसास हुई तब मेरी नींद खुल गयी मेरे पति को उठाई तो मुझे पता चला कि मेरे कान मे पहने सोने के एक आयरिंग एवं उंगली मे पहने चांदी की अंगुठी मेरे खाट मे रखे एक मोबाईल पोको कंपनी का जिसका IMEI No 860801063825327, 860801063825335 को कोई अज्ञात चोर द्वारा मेरे घर दिवाल को फांदकर अंदर प्रवेश कर मेरे पहने 01 नग सोने का आयरिंग 30,000/- रूपये उंगली मे पहने 01 नग चांदी की अंगुठी 1000/- तथा पोको कंपनी का मोबाईल 5000/- रूपये सभी पुरानी इस्तेमाली जुमला कीमती 36,000/- रूपये को कोई अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गया है। धारा 457, 380 भादवि

जिसका आसपास पता तलाश किया कोई पता नहीं चला घटना की रिपोर्ट दर्ज कराती हूं रिपोर्ट पढकर देखी मेरे बताये अनुसार लिखी गयी है कार्यवाही चाहती हूं।

7 जून को पेट्रोलिंग के दौरान मनीष उर्फ सागर यादव पिता दिलीप यादव दिगम्बर जैन मंदिर के पास दीपक नगर मोहन नगर थाना रेलवे स्टेशन में संदिग्ध व्यवस्था में पकडा गया और अंडा थाना में आकर पूछताछ करके चोरी किया हूं करके कबूल किये, अंडा पुलिस व्दारा रिमांड में लेकर न्यायालय में पेश करके दुर्ग केंद्रीय जेल भेजा गया।

छग प्रगतिशील लेखक संघ राज्य कार्यकारिणी बैठक काफी हाउस में कल

भिलाई। छत्तीसगढ़ प्रगतिशील लेखक संघ की राज्य कार्यकारिणी की बैठक रविवार को भिलाई निवास स्थित इंडियन कॉफी हाउस के सभागार में आयोजित है। प्रलेसं भिलाई-दुर्ग जिला इकाई द्वारा आतिथ्य की जिम्मेदारी ली गई है। बैठक में राज्य प्रलेसं के कार्यकारिणी सदस्यों सहित अम्बिकापुर, बिलासपुर,रायपुर, भिलाई दुर्ग, राजनांदगांव, खैरागढ़, कांकेर, दल्लीराजहरा, जगदलपुर, किरन्दुल (बैलाडीला),कोरबा, रायगढ़, कुनकुरी जशपुर,जिला इकाइयों से अध्यक्ष/सचिव पदेन कार्यकारिणी सदस्य शामिल होंगे। बैठक में छग प्रलेसं के भावी आयोजनों की रूपरेखा और जिला इकाइयों के अध्यक्ष /सचिव द्वारा गतिविधियों की रपट, रचना शिविर पर विमर्श किया जाएगा। नई जिला इकाइयों का गठन, युवा लेखकों से संवाद, भावी आयोजनों के सम्बंध में प्राप्त सुझावों पर चर्चा होगी। बैठक में आयोजक प्रलेसं भिलाई दुर्ग के सदस्य सम्मिलित रहेंगे।

राज्य शिक्षा स्थायी समिति के सदस्य बने डा. वासुदेव

डौंडीलोहारा। समीपस्थ ग्राम भंडेरा निवासी डॉ. वासुदेव साहसी पिता टी .एस.साहसी छत्तीसगढ़ कॉलेज रायपुर में प्रध्यापक के पद पर कार्यरत को राज्य शासन द्वारा छत्तीसगढ़ प्राथमिक, मिडिल ,तथा माध्यमिक शिक्षा पाठ्य पुस्तकों संबंधी व्यवस्था 1974 के नियम तीन के उप नियम दो के खंड एक तथा दो के अपबंधों के अधीन राज्य शिक्षा स्थायी समिति में 3 वर्षों के लिए सदस्य नामित किया गया है। उनकी नियुक्ति पर समाज, परिजन व सहयोगियों ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी है।

रचनात्मक चेतना से करवट बदल रही राजनीति बुनियादी मसलों पर होगी केंद्रितः संपत सरल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

अपने व्यवस्था विरोधी गद्य और धारदार कविताओं से एक अलग पहचान बनाने वाले प्रसिद्ध व्यंग्यकार और कवि संपत सरल ने कहा है कि साहित्य और कला की भूमिका विपक्ष की होती है। कवि सत्ता और व्यवस्था को आईना दिखाता है। देश की मौजूदा राजनीति में परिवर्तन इसका उदाहरण है। अब देश की राजनीति करवट बदल रही है। सियासत जनता के मूल मुद्दों पर फिर से केंद्रित हो रही है। इसका लाभ देश और जनता दोनों को मिलेगा। सरकार को जनधारा की सियासत पर सोचने मजबूर होना पड़ेगा।

अखिल भारतीय कवि सम्मेलन सेक्टर 5 भिलाई में आए कवि श्री सरल ने हरिभूमि से मुलाकात में कहा कि लोकसभा चुनाव में भारी दावों के उलट मोदी सरकार का कम हुआ जनाधार राजनीति में बदलाव का संकेत है। पीएम के वर्चस्ववादी रवैये और जनविरोधी कदमों पर विपक्ष जनता की विपक्ष की आवाज भारी पड़ी। देश की मूल समस्या छद्म राष्ट्रवाद नहीं बल्कि महंगाई, बेरोजगारी, असमानता और सांप्रदातिकता है। कवि संपत सरल ने सत्ता को आईना दिखाने वाले आप जैसे कवियों की भूमिका के सवाल पर कहा कि मोदी सरकार की सीटें कम होने का कारण बेबाक कवियों के साथ सोशल मीडिया और कार्टूनिस्टों की भी बड़ी भूमिका रही। झटका लगने के बाद अब एनडीए को वैचारिक मदभेद व विरोधाभास को लेकर विचार मंथन करने की जरुरत है। अखिल भारतीय कवि सम्मेलनों के मंचों के चुटकुलेबाजी में तब्दील होने के प्रश्न पर उन्होंने कहा कि अभी भी अच्छे कवि सुने जा रहे हैं, लेकिन अब पहले जैसे गंभीर श्रोता भी नहीं रहे। बदलाव लाफ्टर कार्यक्रमों के बाद आया है। हमें जनपक्ष की कविताओं से नया श्रोता वर्ग तैयार करना होगा। रागदरबारी कवियों के सवाल पर कवि संपत सरल ने कहा कि सत्ता से लाभ के लिए सुविधाभोगी साहित्यकार दरबारी बन जाते हैं। उन्हें सुविधाओं से वंचित होने का डर बना रहता है। व्यंग्यकार शरद जोशी व केपी सक्सेना से प्रेरित और एकमंजिला मकान में लिफ्ट तथा निठल्ले बहुत बिजी है शीर्षांकित किताबों के लेखक राजस्थान के श्री सरल ने कहा कि रायपुर भिलाई व महाराष्ट्र व हरियाणा पंजाब में कवि सम्मेलनों का खासा रिस्पांस मिलता है। यहां काव्यप्रेमियों में उत्साह होता है।

स्तुतिगान नहीं जनगान की जरुरतः तेजनारायण

कवि सम्मेलन में शिरकत करने पहुंचे राजस्थान के युवा कवि तेज नारायण बैचेन ने कहा कि साहित्य का उद्देश्य जनता में चेतना जगाना होता है। जो सत्ता की चाटुकारिता और स्तुतिगान करते हैं, वे कवि नहीं हैं। वे तो डरे हुए और बिके हुए लोग हैं। साहित्य का राजनीति से कभी मधुर संबंध हो ही नही सकता। यदि साहित्यकार राजनेताओं के पिछलग्गू हो गए तो फिर वे जनता के साथ न्याय नहीं कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि मगरुर सत्ताधीशों को सबसे ज्यादा डर हास्य व्यंग्य से लगता है। जो लोग कला साहित्य के क्षेत्र में हैं, उन्हें जनपक्ष के प्रति अपनी दृष्टि को अडिग बनाए रखना होगा। वरना वे अपने साथ जनता में भी अपना भरोसा खो बैठेंगे।

पेशेवर कब्जाधारियों पर कसेगा शिकंजा

बढ़ती हुई अवैध प्लाटिंग को रोकने के लिए टीम गठित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न स्थलों पर अवैध कॉलोनी, अवैध प्लाटिंग के विरुद्ध कार्रवाई कर रहा है। इसमें और गति लाने के लिए आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने एक संयुक्त टीम का गठन किया है, जिसमें भवन अधिकारी हिमांशु देशमुख, उप अभियंता सिद्धार्थ साहू, एवं शहबाज अहमद, सभी जोन के सहायक राजस्व अधिकारी, सर्वेयर जगमोहन वर्मा सर सहायक राजस्व निरीक्षक शशांक शेखर, सभी संबंधित जोन के जोन आयुक्त से संपर्क करके कॉलोनी, अवैध प्लाटिंग, समन्वय स्थापित कर संयुक्त कार्रवाई करेंगे।

निगम ने बनाया हेल्प डेस्क

अवैध प्लाटिंग रोकने के लिए नगर निगम भिलाई निरंतर स्थल पर पहुंचकर अवैध प्लाटिंग को रोक रहा है फिर भी प्लाट खरीदने वाले लोग सचेत नहीं हो रहे हैं। उनके हित के लिए आयुक्त ने नगर निगम भिलाई ने लोगों से अपील की है कि नगर निगम भिलाई क्षेत्र में भूमि भूखंड क्रय करने के पूर्व अवैध कॉलोनीयों या प्लाटिंग के संबंध में जानकारी के लिए नगर निगम मुख्य कार्यालय भवन अनुज्ञा शाखा कक्ष क्रमांक 4 में हेल्प डेस्क स्थापित किया गया है। जिसके प्रभारी कृष्ण कुमार वर्मा प्रोजेक्ट का कोऑर्डिनेटर मोबाइल नंबर 877 0 0 6 0 306 को नियुक्त किया गया है।

प्लाट खरीदने से पहले ये जानकारी जरूरी

कोई भी व्यक्ति जो प्लाट खरीदना चाहता है सर्वप्रथम नगर निगम भिलाई के बिल्डिंग परमिशन शाखा में संपर्क करें, अपना खसरा ,नक्शा लेआउट ,पूर्व रजिस्ट्री जो कुछ भी उसके पास है या दलाल उसको जो भी चीज देता है जिससे उसकी विश्वास हो जाता है कि वह प्लांट खरीदेगा, वही डॉक्यूमेंट लेकर के वह नगर निगम भिलाई में आकर पता कर ले की प्लाट खरीदने लायक है। ऐसा देखने में आ रहा है की खरीदने वाला वह प्लांट भूखंड दलाल के बहकावे में आकर प्लाट खरीद लेते हैं। नाम ट्रांसफर तक हो जाता है खसरा ,नक्शा, ऋण पुस्तिका पुस्तिका भी बन जाती है, उसके बाद जब नगर निगम भिलाई में परमिशन के लिए आते हैं तब उसे पता चलता है कि जिस प्लांट को हम खरीदे हैं, वह अवैध प्लाटिंग के अंतर्गत है। वहां पर बिल्डिंग परमिशन नहीं मिलेगा। वह बहुत परेशान हो जाता है। इससे बचना है तो नगर निगम भिलाई में संपर्क करें की जिस कॉलोनी में प्लाट खरीद प्लाट खरीद रहे हैं वह वे कि वैध है कि अवैध संतुष्ट होने के बाद ही प्लाट खरीदे।

हरिभूमि लाइव

रायपुर, शनिवार 8 जून 2024

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

74154-69100, Message at - 9755819129

02

ट्रैफिक पार्क का नया लुक

लाइव इवेंट

ग्रीष्मकालीन खेलः 27 सौ बच्चों ने सीखे खेलों के गुर

■ बीएसपी ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का समापन आज

भिलाई। टाउनशिप में पिछले महीनेभर से चल रहे ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का समापन शनिवार को हो जाएगा। इस भव्य शिविर में 27 स्कूली बच्चों ने खेलों के गुर सीखे। भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा आयोजित ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर समापन समारोह को संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता के मुख्य आतिथ्य में पंत स्टेडियम, सेक्टर1 के फुटबालग्राउंड में शाम 6 बजे सम्पन्न होगा। समारोह की अध्यक्षता कार्यपालक निदेशक पवन कुमार करेंगे। इस अवसर पर संयंत्र के अन्य उच्च अधिकारी सहित विभिन्न खेलों के प्रतिभागी और प्रशिक्षक, शिक्षा विभाग के पीटीआई, विभागीय कार्यकर्ता एवं अन्य खेल प्रेमी भी उपस्थित रहेंगे। इस वर्ष भिलाई इस्पात संयंत्र के क्रीडा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग द्वारा दिनांक 10 मई से 8 जून तक ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान 41 खेल परिसरों में 135 अनुभवी प्रशिक्षकों (कोच) द्वारा 2700 बच्चों को 25 विभिन्न खेलों में प्रशिक्षित किया गया। इस ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर के सफल आयोजन में क्रीडा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं, सीएसआर तथा शिक्षा विभाग सक्रिय भूमिका अदा कर रहा है। यद्यपि 10 मई से ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर में शामिल 25 खेलों का विभिन्न खेल परिसरों में बच्चों को प्रशिक्षित किया गया।

कई खेलों में प्रशिक्षण मिला

ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर में शामिल 25 खेलों, एथलेटिक्स, बैडमिन्टन, बॉल बैडमिन्टन, बास्केटबॉल, बॉक्सिंग, षतरंज, क्रिकेट, फुटबॉल, हैंण्डबॉल, हॉकी, कराटे, जूडो, पावर लिफ्टिंग, कबड्डी, टेनिस, टेबल टेनिस, वालीबॉल, योगा, सायकल पोलो, कराटे, फेंसिंग, जिम्नास्टिक, खो–खो, नेटबॉल, भारोत्तोल तथा कुष्ती का विभिन्न खेल परिसरों, शालाओं के हॉल एवं क्रीड़ागणों में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को पौष्टिक भोजन जैसे गुड़, भुना चना आदि भी प्रदान किया जाता है और प्रशिक्षुओं को खेल उपकरण भी उपलब्ध कराए जाते हैं। भिलाई इस्पात संयंत्र एकमात्र ऐसा संगठन है जो खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने इस तरह का विषाल खेल प्रशिक्षण सुविधा का विगत 50 वर्षों से आयोजन करता आ रहा है।

सिटी इवेंट

छग के औद्योगिक विकास के लिए सीएसवीटीयू ने दी सलाह

■ राज्य के अर्थव्यवस्था में तिगुना रफ्तार की संभावित गणना के साथ सीएसवीटीयू ने छत्तीसगढ़ औद्योगिक नीति 2024–29 के लिए दिया सुझाव

भिलाई। राजकीय छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय,भिलाई जहां से प्रदेश के 30 इंजीनियरिंग महाविद्यालय,38 पॉलीटेक्निक महाविद्यालय,02 एमबीए महाविद्यालय, 93 फार्मेसी महाविद्यालय सहित 03 संगठक महाविद्यालय व विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग संचालित व नियंत्रित होते है। जिनसे डिग्री हासिल किए स्किल्ड युवाओं द्वारा राज्य से लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर के औद्योगिक इकाइयों में सेवा दिया जाता है। वहीं तकनीकी विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न तकनीकी क्षेत्रों में कंसल्टेंसी सहित औद्योगिक कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जाता रहा है, जिसका सिधा लाभ अब औद्योगिक नीति के माध्यम से प्रदेश तमाम औद्योगिक इकाइयों को हो सकता है।

ईजी टू बिजनेस मॉडल का दिया प्रस्ताव

विश्वविद्यालय के सलाहकार किशोर कुमार भारद्वाज ने कुलपति प्रोफे. वर्मा की निगरानी में प्रदेश में उपलब्ध खनिजों से बनने वाले उत्पादों के वैश्विक मांग,आपूर्ति,उत्पादन,आयात-निर्यात,दर आदि सभी प्रकार के पहलूओं का अध्ययन कर रिपोर्ट सौंपा है जिसमें उन्होंने लौह अयस्क से बनने वाले स्पेशलिटी स्टील (स्टेनलेस स्टील) उत्पाद को बनाने के लिए प्रदेश में स्थापित होने वाले नवीन / शवलीकरण उद्योगों को प्रदेश के औद्योगिक नीति के तहत अनुदान प्रदान करने सहित ईजी टू बिजनेस मॉडल के दायरे में लाने का प्रस्ताव दिया है।

अर्थव्यवस्था में होगी बढ़ोतरी- कुलपति

सीएसवीटीयू के कुलपति डॉ. एम.के. वर्मा ने बताया कि लौह अयस्क, कोयला सहित अन्य खनिज संपदा से भरपूर छत्तीसगढ़ राज्य में औद्योगिक विकास से प्रदेश की अर्थव्यवस्था में तिगुना बढ़ोतरी हो इसके लिए लौह अयस्क से बनने वाले स्पेशलिटी स्टील उत्पाद को अनुदान देते हुए औद्योगिक नीति 2024-29 में शामिल करने का विस्तृत सुझाव विश्वविद्यालय की ओर से दिया गया है साथ ही विश्वविद्यालय द्वारा औद्योगिक इकाइयों हेतु दिए जा रहे तकनीकी कंसल्टेंसी सेवा, विद्यार्थियों का कैंपस प्लेसमेंट सहित औद्योगिक कर्मियों को प्रशिक्षण देकर प्रदेश के औद्योगिक विकास में सहभागिता सुनिश्चित करने के दिशा में विश्वविद्यालय ने पहल की है।सचिव उद्योग विभाग छत्तीसगढ़ शासन अंकित आनंद ने विश्वविद्यालय के प्रस्ताव पर हर्ष व्यक्त करते हुए औद्योगिक विकास के लिए सीएसवीटीयू के आगे आने को सार्थक पहल बताया।

● गर्मी में साड़ी को न करें बाय-बाय, स्वयंसिद्धाओं ने चलाई मुहिम

साड़ी है दुनिया का सर्वश्रेष्ठ परिधान, साड़ी को प्रमोट करने महिलाओं ने दिखाई क्रिएटीविटी

भिलाई। इस भीषण गर्मी में जहां सबका हाल बेहाल है वही कुछ गृहणियाँ सूती, लिनन, सिल्क, भागलपुरी, बेगमपुरी, कोटा डोरिया, तांत, सम्बलपुरी, आर्गेंज़ा, मलमल आदि रंगबिरंगी साड़ियों में फोटोशूट कर रही थी। ये महिलाएं भारत की विभिन्न प्रदेशों की साड़ियां पहन कर नारियल पानी, नीबू पानी, कच्चे आम के साथ पेड़ पौधों की छांव में, पानी पीती हुई, घर के बगीचे की देखभाल करती हुई, चिड़ियों को दाना पानी देती हुई, गृहस्थ धर्म निभाती हुई तरह-तरह के पोज़ बनाकर अपने घर वालों से तस्वीर खिंचवाकर इस ऑनलाइन प्रतियोगिता में भाग ले रही थी।

ऑनलाइन समर क्वीन प्रतियोगिता

यह अवसर था स्वयंसिद्धा- 'ए मिशन विद ए विज़न' की ऑनलाइन 'समर क्वीन' प्रतियोगिता का। जो भारतीय परिधान साड़ी को पूरी दुनिया तक पहुंचाने के लिए प्रत्येक वर्ष आयोजित किया जाता है।इस अभिनव प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के 10 जिलों के अलावा देश के अनेक शहरों से महिलाओं ने भाग लिया। समर क्वीन 2024 में महिलाओं को गर्मियों में पहनी जाने वाली साड़ियों को पहनकर तस्वीर खिंचवानी थी जिसमें उन्होंने अपने परिवार के सदस्यों की मदद ली। इस प्रतियोगिता में 70 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया।

साड़ी में दिखी क्रिएटीविटी

प्रतियोगिता के निर्णायकों में गुड़गांव के वरिष्ठ फोटोग्राफर सुशांत सिंघल, दिल्ली की कॉस्टयूम ज्वैलरी ब्रांड कोमोली की संचालिका मृणालिनी अग्रवाल एवं भिलाई की शिक्षाविद व बुटीक संचालिका अमिता बिसारे रही। निर्णायक सुशांत सिंघल का कहना है कि आज जब देश में पाश्चात्य परिधानों का चलन बढ़ गया है उस समय स्वयंसिद्धा की ये मुहिम अवश्य रंग लाएगी। मृणालिनी अग्रवाल ने कहा इस भीषण गर्मी में भी महिलाओं ने अपने मन पर निराशा को हावी नहीं होने दिया बल्कि सेल्फ लव के तहत अपनी साड़ियां चुनी और उन्हें पहन के पोज़ दिया बल्कि अपनी फोटो में बेहतरीन क्रिएटिविटी का उपयोग किया। अमिता बिसारे ने कहा कि दुनिया के चाहे जितने परिधान भारत आ जाए लेकिन साड़ी पूरी दुनिया पर राज करेगी ही। स्वयंसिद्धा का यह आयोजन काबिले तारीफ है।

हथकरघा को मिलता है बढ़ावा

संस्था की डायरेक्टर डॉ. सोनाली चक्रवर्ती ने बताया कि विगत 20 वर्षों से भारतीय परिधान साड़ी को प्रमोट करने का कार्य कर रही हूं। हमारे देश में हजारों तरह की साड़ियां है एवं उन्हें कई तरीकों से पहना जा सकता है। यह आज विश्व का सबसे बेहतरीन परिधान है जो बिना स्टीच के बनता है एवं इसकी बुनाई में प्रत्येक प्रदेश व शहर की अलग-अलग छाप होती है। साड़ी का प्रमोशन हमारे हथकरघा एवं बुनकर भाइयों के लिए भी आवश्यक है।

विभिन्न कैटेगिरी में मिला विजेता का खिताब

प्रतियोगिता में प्रथम दुर्गा अधिकारी, द्वितीय आरती तिवारी, तृतीय बनानी मैती, मोस्ट स्टाइलिश पुनीता कौशल, श्रीमती सिंपलीसिटी डॉ मंजुला श्रीवास्तव, यूनिक साड़ी ड्रेपिंग ममता बिस्वाल, मोस्ट ब्यूटीफुल साड़ी अंजना सेनगुप्ता जमशेदपुर, अमेजिंग लोकेशन बिंदु नायक, मिसेज कूल संतोष लखोटिया धमतरी, परफेक्ट फोटो संगीता जायसवाल, बेस्ट फोटोग्राफ रत्न दुफारे, मोस्ट क्रिएटिव फोटोग्राफर आयुषी दुफारे, मोस्ट एलिगेंट लेडी देवेंदर कौर दिल्ली, ट्रेडिशनल लुक कल्पना मिश्रा मुंगेली, बेस्ट पिक्चर विद मैसेज सुशीला साहू विजेता रहीं। प्रतियोगिता में अनीता चक्रवर्ती, दीपा तिवारी बेमेतरा, अर्पिता चक्रवर्ती, कुदसिया अली, सरोज टहनगुरिया, वंदना नादमवार, राजश्री नायर, रूपाली पटेल भोपाल, देबजानी मजूमदार, प्रिया तिवारी, नमिता त्रिपाठी, मधु देवांगन, मंजू मिश्रा, रूमा डे, माधुरी बिजोरिया, ज्योति गुप्ता मुंगेली, मधुरिमा रे, रीता वैष्णव, डॉ. नीता तिवारी, कोमल घोष, लक्ष्मी साहू, नेहा सिंह राजपूत मुंगेली, रश्मि तिवारी मुंगेली, सीमा गुप्ता मुंगेली, वीणा द्विवेदी, सुमन रतन भोपाल, तनुश्री बोस दिल्ली, संगीता बागति सहित अन्य सदस्याओं ने भी पार्टीसिपेट किया था।

जयंती पर किया सरसों के तेल से भगवान शनिदेव का अभिषेक

भिलाई। ग्राम महुदा मे शनि देव महराज की जयंती धूमधाम से मनाई गई। श्रद्धालुओं ने न्याय प्रिय देवता को तीली का भोग व सरसों तेल से अभिषेक किया। ग्राम पुरोहित गिरधर प्रसाद शर्मा द्वारा विधि- विधान से पूजा पाठ, हवन, धूप आदि से हवन किया गया। दिन भर शनि मंदिर में लोगों का ताता लगा रहा। वही पूजा पाठ उपरांत पंचमुखी हनुमान जी व शनिवार महराज की आरती उपरांत भक्तों में भंडारा भोज का भी आयोजन हुआ। मंदिर प्रांगण पर जय महमाया सेवा समिति ने अपनी प्रस्तुति दी। रात्रि कालीन श्री तुलसी मानस मंडली की प्रस्तुति के पश्चात समापन हुआ। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में राकेश ठाकुर पूर्व जिला पंचायत सदस्य

,आशु चद्रवंशी (भाजपा नेता रायपुर), भागवत राम पटेल पूर्व सरपंच, कांता पटेल, परस राम साहू ,पवन साहू, नरेंद्र साहू ,पोषण सेन, पूर्व सरपंच उफरा घनश्याम चौहान ,राधे साहू, भगवानी साहू, इंदरमन साहू ,जोहित साहू, दयालु सिंहा, कांता निर्मलकर , नरसु सेन, नोहर यादव, प्रहलाद चौहान, सुरेश चक्रधारी, नोहर साहू ,गीतालाल साहू एवं ग्रामवासी मौजूद रहे।

दो दिवसीय कबीर प्राकट्य महोत्सव आज, 9 को पंडवानी की प्रस्तुति

भिलाई। 627वां कबीर प्राकट्य महोत्सव कबीर आश्रम नेहरू नगर भिलाई में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी कबीर आश्रम नेहरू नगर भिलाई में दो दिवसीय कबीर प्राकट्य महोत्सव 8 व 9 जून को मनाया जा रहा है। यह कार्यक्रम निर्मल ज्ञान मंदिर कबीर आश्रम नेहरू नगर भिलाई और कबीर सत्संग समिति के तत्वावधान में आयोजित हो रही है। इस अवसर पर मुख्य वक्ता संत सुधाकर साहेब शास्त्री धर्माधिकारी कबीर मठ खरसिया होंगे। इसके साथ ही मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिक निगम भिलाई डिप्टी कमिश्नर नरेंद्र कुमार बंजारे होंगे। 9 जून को पंडवानी गायिका रूही साहू अपनी प्रस्तुति देंगी। इसके बाद चौका आरती का कार्यक्रम होगा। इसके साथ हो दोनों दिन दो सत्रों में आयोजित इस कार्यक्रम में संतों की वाणी का लाभ तथा कबीर के भजनों की प्रस्तुति भी होगी। कार्यक्रम में कबीर के अनुयाई के अलावा अंचल के बुद्धिजीवी इस कार्यक्रम में सत्संग लाभ लेने के लिए उपस्थित रहेंगे। निर्मल ज्ञान मंदिर के ट्रस्टी तथा प्रबंध कार्यकारिणी समिति ने अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। यह जानकारी आश्रम समिति के मीडिया प्रभारी डा दीनदयाल साहू ने दी है।



निरंकारी महिला समागम में महिलाओं ने सिंधी नृत्य से दिखाई प्रभु की महिमा

गीत, नृत्य और नाटक के माध्यम से महिलाओं ने दिया आध्यात्म का संदेश

कार्नर न्यूज

भिलाई। निरंकारी महिला समागम का संयोजक स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन दीपक नगर स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन दुर्ग में संपन्न हुआ। जहां महिलाओं ने आध्यात्म का संदेश दिया। महिला समागम में गीत, नृत्य व नाटक के माध्यम से महिलाओं ने एकत्व का संदेश प्रसारित किया। महिला समागम को संबोधित करते हुए सुमन देवनानी ने कहा कि जीवन में प्रथम शिक्षा घर की महिलाओं से ही प्रसारित होती है।

लाखों इंसानों का जीवन सफल

निरंकारी मिशन में महिलाओं के महान योगदान का जिक्र करते हुए सुमन ने कहा कि मिशन के जगत माता बुद्धवंती, निरंकारी राजमाता कुलवंत कौर, माता सविंदर हरदेव व वर्तमान में सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज का असाधारण योगदान महिला जगत का ही नहीं बल्कि पूरी मानव जाति का निरंतर मार्गदर्शन कर रहा है। यदि हर नारी स्वयं भी खुश रहना चाहती हैं और घर-परिवार को भी खुशहाल बनाना चाहती हैं तो समय के सतगुरू से प्राप्त ब्रह्मज्ञान द्वारा प्रभु परमात्मा को जानकर जीवन के असली मकसद को हासिल किया जा सकता है। इस प्रकार लाखों इंसानों का जीवन सफल हुआ है और उनके घर परिवारों में रौनक आ गयी हैं।

दिया सदगुरु का संदेश

जिस घर में परिवार के सभी सदस्य मर्यादा में रहते हुए अपनी-अपनी जिम्मेंदारियों को निभाते हैं वहां हर समय प्यार ही प्यार होता है व स्वर्ग का नक्शा बना रहता है तथा ऐसे घर-परिवार में शारीरिक, मानसिक व आर्थिक अर्थात हर तरह के सुख बरसते हैं । उन्होंने कहा कि निरंकारी सत्संग से सीख लेकर हजारों नारियों ने अपने घर परिवार की तस्वीर बदल दी है, वे सिर्फ प्रवचन सुनने तक सीमित नहीं रहीं, बल्कि निरंकारी सतगुरु द्वारा प्रदान ब्रह्मज्ञान को अपने जीवन का हिस्सा बनाकर, अपने आचरण द्वारा प्रेम तथा शांति का माहौल देकर अपने ही घर को स्वर्ग बना दिया है। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए शंकर सचदेव ने बताया कि संयोजक स्तर महिला समागम में छत्तीसगढ़ की लोक परंपरा के माध्यम से सतगुरु का संदेश दिया। नाटक के माध्यम से अधूरा ज्ञान करे, नुकसान का संदेश दिया गया। सिंधी नृत्य के द्वारा प्रभु का यश गाया गया।

इस समागम में जोनल इंचार्ज गुरुबख्श कालरा, कांकेर के प्रमुख राजा देवनानी, ब्रांच दुर्ग के संयोजक इंदरजीत निरंकारी व भिलाई ब्रांच के संयोजक सतपाल सैनी ने अपने व्यक्तव्य में मिशन में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। समागम में जामुल, उतई, उरला, चीचा, ढौर, अहिवारा,चरोदा से महिलाओं ने भाग लिया।

सिटी इवेंट

एमआरडी विभाग में राजभाषा कार्यशाला, किया जागरुक

भिलाई। भिलाई इस्पात संयंत्र के मटेरियल्स रिकवरी डिपार्टमेन्ट के सभागार में राजभाषा कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य महाप्रबंधक सुशील कुमार के मुख्य आतिथ्य और महाप्रबंधक दीनामणि नायक, सहायक महाप्रबंधक अवनीश दुबे उपस्थि थे।

- सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में प्रथम मनीष व द्वितीय कुलदीप व कमलेश को मिला पुरस्कार

कार्यशाला में एमआरडी के कार्यक्षेत्र के एफएसएनएल के अधिकारी उप प्रबंधक डी डी नवरंगे, सहायक प्रबंधक राहुल राय कनिष्ठ प्रबंधक सुनील कुमार नायक ने भी भाग लिया। मुख्य अतिथि ने कहा कि हमारा प्रयास है कि अहिंदी भाषी कार्मिक भी समस्त कार्यालयीन कार्य हिंदी में कर सकने योग्य दक्षता प्राप्त कर सकें। इसके लिए गूगल अ,नलाइन व,इस टायपिंग एक बहुत ही उपयोगी साधन है, इसकी सहायता से जिन्हें हिंदी में लिखना नहीं आता, वे भी आसानी से हिंदी में टायपिंग कर सकते हैं। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार ओसीटी मनीष श्रीवास्त द्वितीय जूनियर आफिसर कुलदीप सिंह तोमर तथा तृतीय पुरस्कार कमलेश कुमार राजपूत को मिला। उप प्रबंधक जितेंद्र मानिकपुरी ने सांविधिक प्रावधानों की जानकारी दी । विभागीय हिंदी समन्वय अधिकारी व जूनियर आफिसर कुलदीप सिंह तोमर ने कार्यक्रम का संचालन किया।

एजुकेशन लाइव

एक छात्र का जीवन संघर्षों से भरा होता हैः डॉ. जवाहर

भिलाई। संजय रूंगटा ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन भिलाई के अंतर्गत रूंगटा कॉलेज साइंस एंड टेक्नोलॉजी और रूंगटा इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस एंड मैनेजमेंट के द्वारा विगत को ग्रेजुएशन डे का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। उत्कृष्ट छात्रों का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। आयोजन में

- संजय रूंगटा ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन भिलाई का आयोजन

कॉलेज के चेयरमैन संजय रूंगटा, डायरेक्टर डॉ. साकेत रूंगटा विशिष्ट अतिथि डॉ. जवाहर सूरी सेठ्ठी , डॉ. श्रीकांत बुरजे, प्राचार्य डॉ. तृप्ति अग्रवाल जैन समस्त प्राध्यापक एंव छात्र उपस्थित थे। कार्यक्रम में कॉलेज के प्राचार्य कें द्वारा छात्रों को उनके उज्वल भविष्य के लिए बधाई दी। कॉलेज के चेयरमैन संजय रूंगटा के द्वारा छात्रों को प्रोत्साहित कर उनके द्वारा किए गए कार्यों को सराहा गया। विशिष्ट अतिथि के द्वारा छात्रों को यह बताया गया कि एक छात्र का जीवन संघर्षों से भरा होता है एवं उन्हें अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हमेशा कठिन परिश्रम करना पड़ता है। कुलपति ने विद्यार्थियों को शिक्षा का महत्व बताया एवं सदा ज्ञान अर्जन करने की प्रेरणा दी। सफलता कुंजी एवं परम्परा की ज्योति प्रदान कर उनके जीवन को अंधकार से प्रकाश की ओर जाने की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के अंत में डॉ. प्रीति नवीन यादव के द्वारा सभी को आभार व्यक्त करते हुए इस कार्यक्रम का शुभ समापन किया गया। कार्यक्रम के प्रभारी अर्पण डे थे। शाम को सभी छात्रों की विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें डीजे डान्स, रेम्पवाक एवं मनोरजक खेल आयोजित किए गये।

जागरूकता

राष्ट्रीय शिक्षा नीति एनईपी-2020 पर एक दिवसीय कार्यशाला

भिलाई। भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग में 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति एनईपी-2020' पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। इस अवसर पर विभिन्न विषय विशेषज्ञों ने अपने विचार साझा किए और एनईपी-2020 से जुड़े प्रावधानों को समझाया। रिसोर्स पर्सन डॉ. जगजीत कौर सलूजा, प्रोफेसर एंव विभागाध्यक्ष भौतिकी विभाग, शासकीय वीवाय टी स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, दुर्ग ने अपने उद्बोधन में एनईपी की स्कीम को विस्तार से समझाया। उन्होंने पीपीटी प्रजेंटेशन के माध्यम से जेनेरिक इलेक्टिव, डिसिप्लिन स्पेस्फिक इलेक्टिव, एबिलिटी इनहांसमेंट कोर्स, स्किल इनहांसमेंट कोर्स इत्यादि के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने प्रतिभागी प्राध्यापकों द्वारा पूछे गए प्रश्नों के भी उत्तर दिए। रिसोर्स पर्सन डॉ. जीए घनश्याम, ओएसडी राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020, छत्तीसगढ़ शासन ने 'ट्रांसफार्म इंडिया एज विकसित भारत थ्रू एनईपी-2020' विषय पर अपना व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा एनईपी का उद्देश्य है कि विद्यार्थियों को ऐसी शिक्षा दी जाए जिससे वे बौद्धिक और नैतिक रुप से सशक्त बनें। विकसित भारत की संकल्पना पर उन्होंने कहा कि विकसित भारत के लिए ज्ञान, चेतना और भावनाएं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आज शिक्षकों को ज्यादा अपडेट और अपग्रेड रहने की आवश्यकता है। भारती विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. बीएन तिवारी ने कहा कि शिक्षा जीवन मूल्यों पर आधारित हो, सम्पूर्ण और समग्र हो, इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय शिक्षा नीति को तैयार किया गया है।

● बस्तर की चूना पत्थर गुफाओं के संरक्षण और दलपत सागर तालाब पर अध्ययन

यूनिवर्सिटी की छात्राएं कर रहीं हैं छत्तीसगढ़ की गुफाओं तथा तालाबों के संरक्षण पर शोध

भिलाई। हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग में पीएचडी हेतु पंजीकृत लगभग 1150 शोधार्थियों में से भूगर्भशास्त्र विषय की दो शोध छात्राएं कुमारी स्वप्ना गुप्ता तथा कुमारी अरूणिमा बसु रे बस्तर की प्रसिद्ध गुफाओं तथा जगदलपुर के समीप स्थित दलपत सागर तालाब के संरक्षण पर उल्लेखनीय शोधकार्य कर रही है।

इन दोनों शोधार्थियों के शोधनिर्देशक हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग के अधिष्ठाता छात्र कल्याण तथा प्रसिद्ध भूगर्भशास्त्री डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव तथा सहशोधनिर्देशक साइंस कॉलेज, दुर्ग के भूगर्भशास्त्र विभाग के डॉ. श्रीनिवास डी. देशमुख ने संयुक्त रूप से जानकारी दी कि यूजीसी के नये नियमों के मुताबिक शोधार्थियों द्वारा किये जा रहे शोध का सामाजिक हित में अनुप्रयोग आवश्यक है। इसी तथ्य को ध्यान में रखते हुए उक्त दोनों शोधार्थियों को बस्तर के पर्यावरण संरक्षण से दो पृथक–पृथक मुद्दों पर शोध कार्य आबंटित किया गया है।





बस्तर की चूना पत्थर गुफाओं के संरक्षण पर जोर

बस्तर की चूनापत्थर की गुफाओं के संरक्षण पर शोधकार्य कर रही है स्वप्ना गुप्ता के शोधपत्र प्रतिष्ठित रिसर्च जर्नल्स में प्रकाशित हुए हैं। छत्तीसगढ़ की ओर से कांगेर वैली नेशनल पार्क के संरक्षण हेतु गठित समिति में भी स्वप्ना को शामिल किया गया है। स्वप्ना ने बताया कि उनके द्वारा अभी तक बस्तर में कुटुमसर गुफा के आस–पास को मिला 7 चूनापत्थर गुफाओं का सूक्ष्म अध्ययन किया गया है। इनमें दंडक गुफा, ग्रीन गुफा, सहित एक नई गुफा भी शामिल है। वर्षा जल के चूनापत्थर क्षेत्रें में रासायनिक क्रिया के फलस्वरूप ये गुफाएं निर्मित हुई हैं तथा गुफा के अंदर अति मनमोहक चूनापत्थर से निर्मित संरचनाएं विद्यमान है। उन्होने कहा कि लंबे भूवैज्ञानिक काल में (हजारों वर्ष) में निर्मित होने वाली इन महत्वपूर्ण संरचनाओं को कई बार पर्यटक जाने अनजाने में नुकसान पहुंचाते हैं गुफाओं के अंदर अत्यधिक अंधकार होने के कारण वहां विद्यमान चमगादड़ तथा मछलियां प्रकाश के प्रति असंवेदनशील होते हैं और लोग सामान्य रूप में उन्हें अंधा चमगादड़ अथवा अंधी मछली कहते हैं। स्वपना के अपने शोधकार्य को बस्तर की गुफाओं के संरक्षण हेतु अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि इससे इन गुफाओं की उत्पत्ति उपस्थित संरचना तथा जलवायु परिवर्तन का गुफाओं पर प्रभाव की जानकारी प्राप्त हो सकेगी।

दलपत सागर तालाब का अध्ययन

बस्तर में जगदलपुर के समीप स्थित दलपत सागर तालाब के यूट्रीफिकेशन अर्थात जल में सामान्य से अधिक उर्वरकों, प्रदूषकों तथा अपशिष्ट पदार्थों की उपस्थिति के निराकरण पर शोध कर रही साइंस कॉलेज, दुर्ग शोधकेन्द्र की शोधार्थी अरूणिमा बसु रे ने कहा कि अपने शोधकार्य के दौरान उन्होंने पाया कि दलपत सागर तालाब के समीप शहरीकरण तथा मानव जनित गतिविधियों के कारण जल में आवष्यकता से अधिक पोषक तत्व विद्यमान है। बड़ी मात्र में जलकुंभी की उपस्थिति तथा तालाब में उर्वरक खाद युक्त जल, औद्योगिक एवं घरेलू अपशिष्ट को प्रवाहित करने से दलपत सागर की जल की गुणवत्ता प्रभावित होगी। अरूणिमा ने बताया कि उनका शोधकार्य अभी प्रगति पर है शोधकार्य पूर्ण होने पर वे समाज के हित में दलपत सागर के संरक्षण हेतु सुझाव देंगी।

ट्रैफिक पार्क का नया लुक

भिलाई। भिलाई सिविक सेंटर में जर्जर पड़े ट्रैफिक पार्क को नया लुक दिया जा रहा है। ट्रैफिक पार्क का काम जोरों से चल रहा है। जिसमें पथवे, लाइट का निर्माण किया जा रहा है।

(फोटो संजय पांडेय)

विश्व रक्तदाता दिवस पर करें ब्लड डोनेट

दुर्ग। जिले में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी 14 जून 2024 को विश्व रक्तदाता दिवस मनाया जाएगा। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जिले के सभी नागरिकों से अपील की है कि प्रत्येक नागरिक अपनी स्वेच्छा अनुरूप रक्तदान करें। ताकि आपके द्वारा दिये गये रक्तदान से कई लोगों की जान बचाया जा सके। भारत में सालाना 1 करोड़ युनिट रक्त की आवश्यकता पड़ती है, लेकिन उसकी उपलब्धता 75 लाख युनिट है, 25 लाख युनिट ब्लड की कमी से हर साल सैकड़ों लोगों की जान चली जाती है। ब्लड डोनेट करके न सिर्फ आप दूसरों की जान बचा सकते है, बल्कि अपने स्वास्थ्य को सुधार भी कर सकते है। 1 युनिट रक्तदान से जरूरतमंद किसी एक व्यक्ति की जान बचाई जा सकती है। उल्लेखनीय है कि 14 जून को विश्व रक्तदाता दिवस पर जिला अस्पताल दुर्ग एवं समस्त निजी ब्लड बैंकों में रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। इसमें सभी नागरिक अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान कर अपनी नागरिकता और सामाजिक सद्भावना का परिचय देने एवं पुनीत कार्य करने के लिये आगे आयें।

पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

बीएमवाई चरोदा में रेलवे कर्मचारियों ने किया पौधारोपण

भिलाई। विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में सहायक मंडल विद्युत अभियंता (ओपी) बीएमवाई ने आल इंडिया रेलवे ओबीसी ऐसोसिएशन की रनिंग शाखा के तत्वावधान में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ट्रेनिंग सेंटर, बीएमवाई लोको लॉबी, आरसीडी बीएमवाई शाखा एवं ओ बीसी रनिंग शाखा कार्यालय में पौध रोपण किया गया. इस दौरान सहायक मंडल विद्युत अभियंता राजीव सोनी, मुख्य चालक दल नियंत्रक बीएमवाई एसके त्रिपाठी, सीसी जनरल बीके राय, ओबीसी शाखा सचिव बीटी राव, संगठन सचिव आशुतोष चंद्राकर, शाखा अध्यक्ष एवं कार्यकारी अध्यक्ष क्रमश एमएस राव, निर्मल कुमार, लक्ष्मण राव सहित ओबीसी के कार्यकर्ता, चीफ लोको इंस्पेक्टर हेमंत यादव आदि उपस्थित थे।

सामुदायिक मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम कार्यशाला का हुआ आयोजन

मानसिक स्वास्थ्य, शारीरिक स्वास्थ्य जितना ही महत्वपूर्ण है, इसे नजरअंदाज नहीं करना चाहिए

कार्नर न्यूज

दुर्ग। जिला प्रशासन, यूनिसेफ एवं एग्रिकॉन फाउंडेशन के संयुक्त प्रयास से आओ बात करें सामुदायिक मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम कार्यशाला का आयोजन जनपद पंचायत दुर्ग के सभागार मे हुआ। इस कार्यक्रम मे दुर्ग, पाटन एवं धमधा खंड से सचिव, रोजगार सहायक, आँगनवाड़ी कार्यकर्ता, बिहान, एनजीओ सहित 70 लोगों की भागीदारी रही। कार्यशाला का उद्घाटन युवोदय कार्यक्रम जिला समन्वयक शशांक शर्मा ने किया। अपने उद्घाटन भाषण में उन्होंने मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि मानसिक स्वास्थ्य शारीरिक स्वास्थ्य जितना ही महत्वपूर्ण है, और हमें इसे नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि इस तरह की कार्यशालाओं के माध्यम से लोगों में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाई जा सकती है।

मानसिक स्वास्थ्य विषयों को लेकर चर्चा

कार्यक्रम मे एग्रीकान फाउंडेशन से मानसिक स्वास्थ्य राज्य समन्वयक दानिश के हुसैन, युवोदय एवं युवा कार्यक्रम राज्य स्तरीय समन्वयक जागृति गर्ग के द्वारा मानसिक स्वास्थ्य एवं युवोदय कार्यक्रम से जुड़े विषयों के बारे में जानकारी दी गई। प्रारंभ में जागृति गर्ग के द्वारा स्वयंसेवा एवं स्वयंसेवको के भूमिका, युवोदय क्या है के विषय में चर्चा की गई। जिससे समाज में युवाओं के द्वारा समुदाय में उचित बदलाव लाया जा सके, इसके साथ सामाजिक व्यवहार परिवर्तन के द्वारा समाज में अच्छे व्यवहारों को अपनाने हेतु कैसे कार्य कर सकते है इस विषय मे चर्चा की गई। दानिश के. हुसैन के द्वारा मानसिक स्वास्थ्य विषयों को लेकर चर्चा में भावनाये 'आप कैसा महसूस कर रहे हैं', मानसिक रूप से स्वस्थ्य व्यक्ति के गुण, मानसिक स्वास्थ्य क्यो महत्वपूर्ण है, मानसिक स्वास्थ्य के महत्व और इसके प्रभावों पर चर्चा की गई। तनाव प्रबंधन योग और ध्यान के माध्यम से तनाव को कैसे प्रबंधित किया जा सकता है, इस पर विशेष सत्र आयोजित किया गया। सकारात्मक सोच और आत्म-सम्मान बढ़ाने और सकारात्मक सोच को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।

प्रतिभागियों ने पूछा सवाल, विशेषज्ञों ने दिया जवाब

कार्यशाला के दौरान कई इंटरेक्टिव सत्र भी आयोजित किए गए। जहां प्रतिभागियों ने अपने सवाल पूछे और विशेषज्ञों ने उनके उत्तर दिए। इनमें अवसाद, चिंता, तनाव और मानसिक स्वास्थ्य के अन्य पहलुओं पर चर्चा की गई। प्रश्नोत्तर सत्र में प्रतिभागियों के सवालों के उत्तर दिए गए और उन्हें व्यक्तिगत परामर्श भी दिया गया। उपस्थितियों का अनुभव कार्यशाला में शामिल प्रतिभागियों ने इस कार्यशाला को अत्यंत लाभकारी और जानकारीपूर्ण बताया। संतोष कुमार खरे सचिव सोसाइटी फॉर इंटीग्रेटेड रूरल डेवलपमेंट ने कहा कि 'इस कार्यशाला से मुझे अपनी मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं को समझने और उनका समाधान करने की दिशा में बहुत मदद मिली। कार्यशाला के अंत में सभी प्रतिभागियों को मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित पुस्तिकाएँ और अन्य संसाधन वितरित किए गए। इस कार्यशाला ने मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने और समाज में इसे लेकर सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह कार्यशाला मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है और उम्मीद है कि भविष्य में इस तरह के और भी आयोजन होते रहेंगे। कार्यक्रम के आयोजन को सफल बनाने मे युवोदय कार्यक्रम ब्लॉक समन्वयक प्रगति मोहबे, मुकेश कुमार, रामशरण सेन एवं युवोदय स्वयंसेवको की विशेष भूमिका रही।

सिटी स्पोर्ट्स

एलआईसी की मंडल स्तरीय कैरम प्रतियोगिता में प्रमोद और अनुसूइया विजेता

रायपुर। भारतीय जीवन बीमा निगम, रायपुर मंडल की मंडल स्तरीय कैरम प्रतियोगिता का आयोजन 6 जून को भारतीय जीवन बीमा निगम, मंडल कार्यालय रायपुर के क्रीडा एवं मनोरंजन कक्ष में हुई। पुरूष वर्ग में शाखा कार्यालय राजनांदगांव के प्रमोद पाटिल एवं महिला वर्ग में मंडल कार्यालय रायपुर की अनुसूइया ठाकुर विजेता रहे। समापन समारोह के मुख्य अतिथि भारतीय जीवन बीमा निगम, रायपुर मंडल के विपणन प्रबंधक जी.बी. सत्यनारायण थे। इस अवसर पर सेलेक्शन समिति के चेयरमेन प्रबंधक (आई.टी.) नीलमणी द्विवेदी, रायपुर डिवीजन इंश्योरेंस एम्पलाईज यूनियन महासचिव सुरेंद्र शर्मा, प्रथम श्रेणी अधिकारी एसोसिएसन अध्यक्ष धनंजय पाण्डे एवं क्रीड़ा एवं मनोरंजन समिति, रायपुर की सचिव संध्या राज उपस्थित थे। प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक नेशनल अम्पायर रफीक अहमद एवं सहायक अम्पायर ए.एन. मणी थे। इस प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में प्रथम- प्रमोद पाटिल (राजनांदगांव), द्वितीय - ललित वर्मा (मंडल कार्यालय रायपुर), तृतीय - सिद्धार्थ तांडी (मंडल कार्यालय रायपुर), महिला वर्ग में प्रथम- अनुसूइया ठाकुर (मंडल कार्यालय रायपुर), द्वितीय- कल्पना साई (भिलाई -1) और तृतीय -ज्योति पाटिल (मंडल कार्यालय रायपुर) रहे।

प्रतियोगिता में पुरुष एवं महिला वर्ग में विजेता हुए खिलाडियो का चयन आगामी आयोजित होने वाली ₹मध्य क्षेत्रीय कैरम प्रतियोगिता₹ के लिए किया गया है, जिसमे सम्पूर्ण मध्य क्षेत्र (मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़) के 08 मंडल कार्यालय के पुरुष एवं महिला विजेता खिलाड़ी भाग लेंगे। मध्य क्षेत्रीय कैरम प्रतियोगिता में प्रथम चार स्थान प्राप्त खिलाड़ी भारतीय जीवन बीमा निगम की अखिल भारतीय कैरम प्रतियोगिता में मध्य क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करेंगें।

इस अवसर पर सेलेक्शन कमेटी के सदस्य अनुरोध शर्मा, पूर्व स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड सदस्य शिशिर गुप्ता, विजय तिरपुडे, करण सोनकर, मोहन साहू, अगेश्वर साहू एवं अन्य सदस्यगण, खिलाडीगण उपस्थित थे। उपरोक्त जानकारी भारतीय जीवन बीमा निगम, क्रीडा एवं मनोरंजन समिति रायपुर के सह सचिव विनय बैसवाड़े ने दी।

राज्य स्तरीय रग्बी फुटबाल चैंपियनशिप में शामिल होंगी बिलासपुर टीम

रायपुर। 7 वीं छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय रग्बी फुटबाल सीनियर/जूनियर बालक/बालिका प्रतियोगिता रायपुर के स्वामी विवेकानंद एथलेटिक खेल मैदान में 6, 7 व 8 जून को राज्य रग्बी फुटबाल एसोसिएशन के द्वारा आयोजित की जा रही है। जिसमे बिलासपुर जिले की टीम भी हिस्सा ले रही है। ज्ञात हो गत वर्ष ओवरआल चैंपियन बिलासपुर टीम रही है।

जिसमे सीनियर बालक वर्ग की कप्तानी मार्क अगस्टीन थामस व बालिका वर्ग में आभा रजक है। जूनियर बालक वर्ग की कप्तानी प्रियांश ठाकुर" व जूनियर बालिका वर्ग की कप्तानी कुमकुम यादव को दी गई है। ये सभी बिलासपुर जिले को प्रतिनिधित्व करेंगे। कोच शुभम मानिक ने सभी टीम व खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी।

टीम सीनियर (बालक वर्ग) में मार्क अगस्टीन थामस,अभिनव यादव, ऋतिक श्रीवास्तव,श्रीजन धर दीवान,ललित राठिया,शुभम यादव,जोंटी एक्का,बाजिल पीयूष सोरेंग,नीलेश साई,रोहित भगत, अनुग्रह शर्मा और राजेश बारीक शामिल हैं। बालिका सीनियर वर्ग में आभा रजक (कप्तान), मानसी श्रीवास,अपूर्वा सिंह ठाकुर,स्नेहा तिग्गा,केशर सूर्यवंशी,निधि सिंह,निधि यादव,स्नेहा भूमि,पूर्णिमा और जागृति शामिल हैं। इसी तरह जूनियर वर्ग बालक प्रियांश ठाकुर (कप्तान),शुभम यादव,मिनेश गौतम,बाजिल पीयूष सोरेंग,नीलेश साई, उपदेश,इजहार लहरे,अर्पित ध्रुव,अतीक दुबे और आकाश राव,जूनियर बालिका वर्ग कुमकुम यादव,ईशा किरण किडो,स्नेहन भूमि,पूर्णिमा नायक, दृष्टि चंद्राकर,प्रतिभा बंजारे,प्रगति नवरत्न,पूजा, संध्या विश्वकर्मा,दिव्या ठाकुर कोच–शुभम मानिक,रोहित भगत, मैनेजर-आभा रजक, मानसी श्रीवास, मोहन तिवारी और अपूर्वा सिंह ठाकुर शामिल है।

मधुमेह नियंत्रित रखने आहार और पाचन को ठीक रखना जरूरी

गर्मियों में ये लक्षण भी शुगर बढ़ने का हो सकते हैं संकेत, न करें इन्हें अनदेखा

हाई ब्लड शुगर की समस्या को संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए हानिकारक माना जाता है। गर्मी के दिनों में ब्लड शुगर बढ़ने और इसके कारण होने वाली दिक्कतों का जोखिम और भी अधिक हो सकता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं, जिन लोगों के शुगर का स्तर अक्सर सामान्य से अधिक बना रहता है उनमें हृदय रोग, तंत्रिकाओं, आंखों से संबंधित कई तरह की दिक्कतों का जोखिम रहता है। इसे नियंत्रित रखने के लिए आहार और पाचन को ठीक रखना जरूरी हो जाता है। डॉक्टर बताते हैं, उच्च तापमान की स्थिति शुगर को बढ़ा सकती है। ऐसे में जिन लोगों को पहले से डायबिटीज की समस्या रही है उन्हें धूप के संपर्क में आने से बचने, खूब पानी पीते रहने की सलाह दी जाती है।

गर्मियों में शुगर लेवल बढ़ने की समस्या

रिपोर्ट के मुताबिक गर्मी के दिनों की असामान्य परिस्थितियां शुगर के स्तर में बढ़ोतरी का कारण बन सकती हैं। इन दिनों में निर्जलीकरण का जोखिम अधिक होता है जो सीधे तौर पर रक्त शर्करा को बढ़ा सकती है। इसके अलावा उच्च तापमान के कारण रक्त वाहिकाएं फैल जाती हैं, जिससे इंसुलिन का अवशोषण बढ़ सकता है।

बार-बार पेशाब आना

रक्तप्रवाह में अतिरिक्त ग्लूकोज की मात्रा के कारण मूत्र उत्पादन बढ़ जाता है। यह शरीर द्वारा अतिरिक्त शर्करा को निकालने के लिए किया जाने वाला प्रयास है। अगर आपको बार-बार पेशाब जाने की जरूरत महसूस होती है, एक घंट में दो बार से अधिक पेशाब जाना पड़ता है तो सावधान हो जाइए। इन स्थितियों में नियमित रूप से रक्त शर्करा के स्तर की जांच करें और शुगर के उचित प्रबंधन के लिए डॉक्टर की सलाह लें।

बहुत अधिक प्यास लगना

गर्मियों में प्यास लगना सामान्य है, हालांकि पानी पीते रहने के बावजूद अगर आपको प्यास लगी रहती है तो इसे उच्च रक्त शर्करा का संकेत माना जा सकता है। शुगर बढ़ने के कारण किडनी को अतिरिक्त ग्लूकोज को छानने और अवशोषित करने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ती है। इससे मूत्र उत्पादन और शरीर में द्रव की कमी बढ़ जाती है। ये स्थितियां प्यास को बढ़ाने वाली मानी जाती हैं। अगर आपको बहुत अधिक प्यास लगी रहती है तो एक बार शुगर की जांच जरूर कर लें।

थकान-कमजोरी जैसे लक्षण

शुगर का स्तर बढ़ने पर ऊर्जा के लिए ग्लूकोज का उपयोग करने की शरीर की क्षमता भी बाधित हो जाती है जिसके कारण आपको थकान और सुस्ती की दिक्कत हो सकती है। इसके अलावा निर्जलीकरण के कारण मुंह और त्वचा अक्सर सूखा हुआ रहा है। गर्मियों में शरीर को स्वस्थ बनाए रखने और शुगर के स्तर को नियंत्रित रखने के लिए संतुलित आहार का सेवन, नियमित शारीरिक गतिविधि और उचित नींद लेना सुनिश्चित करें। रक्त शर्करा के स्तर की नियमित रूप से जांच करते रहना बहुत जरूरी माना जाता है।

लोहे के बर्तनों में खाना बनाने से जुड़े इन मिथकों पर ना करें यकीन

क्या आपको कास्ट आयरन के बारे में पता है? कैसे ये नॉर्मल लोहे के बर्तनों से अलग होते हैं? इस बात से बहुत फर्क पड़ता है कि हम किस तरह के बर्तन में खाना बना रहे हैं। खाने के बर्तन हमारी हेल्थ के लिए जिम्मेदार होते हैं और कास्ट आयरन कुकवेयर को भी बहुत ही हेल्दी माना जाता है। हालांकि, कास्ट आयरन को लेकर कई तरह के मिथक हैं जिनके कारण उन्हें लोग ज्यादा खरीदते नहीं हैं। एल्युमीनियम और नॉन-स्टिक के बर्तन सस्ते भले ही हों, लेकिन उनके कारण हेल्थ को लेकर बहुत सारी समस्याएं होती हैं।

क्या है कास्ट आयरन और आम लोहे के बर्तनों में?

आम लोहे के बर्तन लोहे के साथ कई अन्य तरह के धातु जैसे एल्युमीनियम से मिलकर बने होते हैं। इनमें जंग भी जल्दी लगती है और आपने देखा होगा कि इनमें खाना पकाने से खाने में काला रंग आ जाता है। कास्ट आयरन कुकवेयर प्योर लोहे के बने होते हैं जिनके कारण ये बहुत लंबे समय तक चलते हैं और खाने का स्वाद भी बढ़ाते हैं।

कास्ट आयरन में ऐसा खाना पकाया जा सकता है जो लंबे समय में पकता है जैसे मीट आदि।

कास्ट आयरन कुकवेयर से जुड़े कई मिथक हैं जिनके कारण ये अभी भी ज्यादा लोकप्रिय नहीं हुई हैं। क्या इन्हें खरीदना चाहिए और क्या इन्हें रखा आसान है यह जानने के लिए डॉक्टर मनु नंदा से बात की। डॉक्टर मनु का कहना है कि कास्ट आयरन अधिकतर शेफ्स के बीच फेमस है क्योंकि लोग आमतौर पर इसके उपयोग को समझ नहीं पाते हैं।

मिथकः कास्ट आयरन के बर्तन जल्दी खराब हो जाते हैं

हां, यह सच है कि इन्हें थोड़ी केयर की जरूरत पड़ती है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि ये आसानी से मेंटेन नहीं किए जा सकते। इन्हें तेल से रेगुलर सीजन करना पड़ता है जिससे जंग लगने की समस्या खत्म हो जाए साथ ही नॉन-स्टिक सरफेस भी बना रहे। इन्हें साफ करने के लिए बहुत ज्यादा हार्ड डिटर्जेंट इस्तेमाल करना सही नहीं होता है।

मिथकः कास्ट आयरन कुकवेयर में एसिडिक फूड्स नहीं बनाए जा सकते

हां, आप इन्हें रोजाना नहीं बना सकती हैं जिससे कास्ट आयरन की सीजनिंग खराब होती है, लेकिन आप कभी-कभी इन्हें बना सकती हैं और इनके स्वाद और कास्ट आयरन की प्रोटेक्टिव लेयर किसी भी चीज में कोई खराबी नहीं होगी।

मिथकः कास्ट आयरन सिर्फ चीजों को फ्राई करने के लिए अच्छा होता है

ऐसा बिल्कुल नहीं है, कास्ट आयरन में आप किसी भी तरह की डिश बना सकते हैं और यह बेकिंग, रोस्टिंग, चीजों को फ्राई करना, उन्हें सेकना किसी भी चीज के लिए अच्छा हो सकता है।

मिथकः कास्ट आयरन में जल्दी पकने वाला खाना नहीं बनाया जा सकता

क्या पैर के ऊपर पैर रखकर बैठना सही है?

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, हमारे शरीर के सभी अंग किसी न किसी ग्रह से जुड़े हुए हैं। ऐसे में जब हमारा शरीर किसी भी तरह की गतिविधि में शामिल होता है तो उसके प्रभाव से ग्रह कमजोर या मजबूत होते हैं।

शास्त्रों में ऐसी कई आदतें हैं जिन्हें गलत बताया गया है। इन आदतों को अगर हम हमारे जीवन में अपनाते हैं तो निश्चित ही हमारे जीवन पर इन आदतों का बुरा असर देखने को मिलता है। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि कि ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, हमारे शरीर के सभी अंग किसी न किसी ग्रह से जुड़े हुए हैं।

ऐसे में जब हमारा शरीर किसी भी तरह की गतिविधि में शामिल होता है तो उसके प्रभाव से ग्रह कमजोर या मजबूत होते हैं और उसी आधार पर शुभ-अशुभ घटनाएं हमें जीवन में नजर आने लगते हैं। ठीक ऐसी ही एक आदत अक्सर लोगों में देखने को मिलती है जो कि पैर पर पैर रखकर बैठने की है। ये अदा लोगों में बहुत आम होती है लेकिन ज्योतिष में इसका गहरा अर्थ बताया गया है। ऐसे में ज्योतिषाचार्य राधाकांत वत्स से जानते हैं कि पैर पर पैर रखकर बैठना ठीक है या नहीं।

पैर पर पैर रखकर बैठना सही या गलत

शास्त्रों में इस बात का उल्लेख मिलता है कि पैरों में शनि देव का स्थान मौजूद है यानी कि अगर हमारे पैर में कोई तकलीफ होती है या पैरों से जुड़ी कोई बीमारी हमें घेरती है तो इसका मतलब है कि शनि कुंडली में कमजोर हैं और अपना दुष्प्रभाव दिखा रहे हैं।

वहीं,ज्योतिष शास्त्र कहता है कि पैर पर पैर रखकर बैठने से शनि की दिशा में बदलाव होने लगता है और उच्च स्थान पर मौजोइड शनि नीच स्थान पर जाने लगते हैं।

इसके कारण शनि दोष कुंडली में उत्पन्न होता है और गृह शांति भंग करने का काम करता है। इसके अलावा, एक लोक मान्यता यह भी है कि पैर पर पैर रखकर बैठने से घर में दरिद्रता आती है। घर से मां लक्ष्मी का वास खत्म हो जाता है और धन हानि के योग बनने लगते हैं।

वीकेंड पर पड़ता है काम का भार, हर रोज घर की सफाई का बनाएं प्लान

अगर आपको वीकेंड पर सफाई करने में परेशानी होती है, तो इसका एक आसान तरीका यह है कि आप अपने काम बांट लें। क्योंकि सफाई न सिर्फ आपको, बल्कि आपके पूरे परिवार को स्वस्थ रख सकती है। इसलिए, सप्ताह के दिनों को बेहतर तरीके से संगठित रखने के लिए एक आसान सफाई का रूटीन पालन करने से आपके घर को साफ-सुथरा और व्यवस्थित रखने में मदद मिल सकती है। यहां सोमवार से शुक्रवार तक सफाई करने की रूटीन दी गई है।

सुबह उठते ही बिस्तर को ठीक से बना लें। इससे आपका बेडरूम तुरंत व्यवस्थित दिखेगा। रात के बर्तन धो लें और सिंक को साफ करें। सभी काउंटर टॉप्स को साफ और सैनिटाइज करें। कचरे का डिब्बा खाली करें और नया बैग लगाएं। सुबह ब्रश करने और तैयार होने के बाद सिंक और काउंटर टॉप्स को पोंछें। शौचालय को रोजाना हल्के ब्रश से साफ करें। शावर के बाद शीघ्रता से शावर और टब को पोंछ लें।

दोपहर में सफाई करने के लिए, टेबल, शेल्फ और टीवी स्टैंड को रोजाना धूल से मुक्त रखें। कुशन को फुलाएं और सोफे को व्यवस्थित करें। रोजाना फर्श को वैक्यूम या झाड़ू से साफ करें, विशेषकर हाई ट्रैफिक एरिया में।

शाम की सफाई, खाना पकाने के बाद सभी बर्तनों को साफ करें और किचन को व्यवस्थित करें। फिर से काउंटर टॉप्स को पोंछें। अगर फर्श गंदा है, तो उसे झाड़ू या मॉप से साफ करें। डाइनिंग एरिया में खाने के बाद टेबल को साफ करें। कुर्सियों को व्यवस्थित करें और नीचे की जगह को साफ करें। रोजाना कपड़ों का ढेर न बनाएं। एक छोटी मात्रा में रोजाना लॉन्ड्री करें।

सोमवारः रसोई की सफाई -10 मिनटः सभी किचन काउंटर टॉप को साफ करें और सतहों को सैनिटाइज करें। 5 मिनटःसिंक को स्क्रब करें और नल को पॉलिश करें। 5 मिनटः फ्रिज और माइक्रोवेव के अंदर और बाहर को पोंछें। कचरा निकालें और नया बैग लगाएं।

मंगलवारः बाथरूम की सफाई -10 मिनटः सिंक और काउंटर टॉप्स के सभी सतहों को साफ करें और सैनिटाइज करें। 10 मिनटः शौचालय के अंदर और बाहर को साफ करें। 5 मिनटः शॉवर और टब को स्क्रब करें। शीशे को पोंछें और फर्श को मॉप करें।

बुधवारः धूल और झाड़ना - 10 मिनटः सभी फर्नीचर, शेल्फ और अन्य सतहों से धूल हटाएं। 5 मिनटः लाइट फिक्स्चर और पंखों को साफ करें। 5 मिनटः सोफे, कुर्सियों और बिस्तरों के नीचे और पीछे की धूल साफ करें।

गुरुवारः फर्श की सफाई-10 मिनटः सभी कालीन और फर्श को वैक्यूम करें। 5 मिनटः सभी फर्शों को मॉप करें। 5 मिनटः प्रवेश द्वार और रसोई के मैट्स को झाड़ें या साफ करें।

शुक्रवारः सामान्य संगठन और डी-क्लटरिंग-10 मिनटः किसी एक कमरे में डी-क्लटर करें और अव्यवस्थित वस्तुओं को हटाएं। 10 मिनटः सभी वस्तुओं को उनकी सही जगह पर रखें। 10 मिनटः यदि आवश्यक हो, तो लॉन्ड्री को धोएं, सुखाएं और तह करें। सप्ताह के लिए आवश्यक चीजों की सूची बनाएं।

सफाई करते समय हल्का म्यूजिक चलाएं, जिससे सफाई का काम बोझिल न लगे। हर एक काम के लिए एक टाइमर सेट करें, ताकि आप सफाई के कार्यों में अधिक समय न लगाएं। परिवार के सदस्यों को भी सफाई के कामों में शामिल करें, ताकि काम जल्दी और मजेदार तरीके से पूरा हो सके। इस तरह की डेली रूटीन से सफाई के काम छोटे-छोटे हिस्सों में बंट जाएंगे और आपको एक साफ और व्यवस्थित घर मिलेगा।

कार्नर न्यूज

गर्मी की छुट्टी में बच्चों की राइटिंग ठीक करवाने जारी रखें अभ्यास

बच्चों की हैंडराइटिंग सुधारने के लिए इस तरीके से कराएं प्रैक्टिस, बड़े होने पर नहीं होगी परेशानी

आजकल के बच्चे लिखने-पढ़ने से ज्यादा ध्यान मोबाइल पर ही देने लगे हैं। ऐसे में, उनकी लिखावट पर भी बुरा असर पड़ रहा है। यही नहीं, राइटिंग के कारण स्कूल के एग्जाम में भी कम मार्क्स मिलते हैं। इसको लेकर अक्सर पेरेंट्स के पास भी बच्चों की शिकायतें आती है। पेरेंट्स के लिए बच्चों का भविष्य और एजुकेशन बहुत मायने रखता है। कोई भी बच्चा जरूरी नहीं कि बचपन से पढ़ाई में मन लगाए ही। कुछ बच्चे स्कूल और स्टडी के नाम से ही आनाकानी करते हैं। इसलिए वह अपनी हैंडराइटिंग पर भी ध्यान नहीं देते हैं। अगर आपके बच्चे के साथ भी कुछ ऐसा ही हाल है और आप भी उनकी गंदी हैंडराइटिंग से परेशान हैं, तो इस गर्मी की छुट्टी में आप इस पर काम कर सकते हैं। यहां हम कुछ टिप्स बताए हैं, जिसे बच्चे को प्रैक्टिस करवाने से आप उनकी राइटिंग में सुधार ला सकते हैं।

अच्छे से पेंसिल पकड़ना सिखाएं

बच्चों को सही तरीके से पेंसिल पकड़ना सिखाएं। बहुत बच्चे गलत तरीके से पेंसिल पकड़ते हैं, जिसके कारण भी उनकी राइटिंग खराब होती है। ऐसे में, बच्चों को तीन अंगुलियों (अंगूठा, तर्जनी और मध्यमा) का उपयोग करके पेंसिल को पकड़ने के लिए कहें और बच्चे का हाथ पकड़ कर उन्हें साथ-साथ लिखवाएं। इसके बाद, उसी तरह बच्चे से लिखने के लिए कहें।

रेखाएं खींचने की कराएं प्रैक्टिस

बच्चों को एक पन्ने में सीधी, तिरछी और घुमावदार रेखाएं खींचने का अभ्यास कराएं। यह उन्हें अपनी हैंडराइटिंग पर नियंत्रण और सटीकता विकसित करने में मदद कर सकता है। इससे बच्चे की लिखावट में भी काफी सुधार देखने को मिलेगा।

लिखने का रोजाना कराएं अभ्यास

बच्चों को बड़े अक्षरों और छोटे अक्षरों का अभ्यास कराएं। वह अक्षर को सही तरीके से लिखे, इसपर ध्यान देते रहें। पहले सरल शब्दों की प्रैक्टिस कराएं। इसमें सुधार आने के बाद, धीरे-धीरे थोड़े जटिल शब्दों की ओर बढ़ें। फिर, वाक्यों का अभ्यास कराएं। इसके लिए हर दिन एक पन्ने जरूर उनसे जरूर लिखवाएं।



ट्रेस बुक पर कराएं प्रैक्टिस

लिखावट अच्छी करने के लिए उसे अल्फाबेट और नंबर वाले लेटर ट्रेस बुक खरीद कर लाएं। बच्चों को इस ट्रेस बुक से अल्फाबेट को सही तरीके से बनाने और हैंडराइटिंग में सुधार करने में मदद मिल सकती है।

पेंटिंग और ड्राइंग पर कराएं फोकस

बच्चों को पेंटिंग और ड्राइंग के लिए प्रोत्साहित करें। यह उनकी रचनात्मकता और कौशल विकसित करने में मदद कर सकता है।

फिल्म इवेंट

हॉलीवुड

कैप्टन अमेरिका- ब्रेव न्यू वर्ल्ड में हुई जियानकार्लो एस्पोसिटो की एंट्री

मशहूर अभिनेता जियानकार्लो एस्पोसिटो 'कैप्टन अमेरिकाः ब्रेव न्यू वर्ल्ड' में अपनी अदाकारी का जलवा दिखाते नजर आएंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार फिल्म में वह अहम भूमिका में हैं। यह फिल्म अगले साल 4 फरवरी को बड़े पर्दे पर रिलीज होगी। मशहूर अभिनेता जियानकार्लो एस्पोसिटो जल्द ही 'कैप्टन अमेरिकाः ब्रेव न्यू वर्ल्ड' में नजर आने वाले हैं। यह फिल्म अगले साल सिनेमाघरों में दस्तक देगी। हाल ही में अभिनेता ने मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स में शामिल होने को लेकर लोगों को हिंट दिया था। अभिनेता ने इस महीने की शुरुआत में ब्राजील में सीसीएक्सपी में खुलासा किया था कि उन्हें मार्वल के एक प्रोजेक्ट के लिए कास्ट किया गया है। हालांकि, वहां उन्होंने प्रशंसकों की उन अटकलों को खारिज कर दिया, जिसमें कयास लगाए जा रहे थे कि वह एक्स-मेन में प्रोफेसर एक्स की भूमिका निभाएंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक वह जल्द ही रकैप्टन अमेरिका ब्रेव न्यू वर्ल्ड" में अभिनय का जलवा बिखेरेंगे। फिल्म में वे खलनायक की भूमिका में होंगे। हालांकि, निर्माताओं ने उनकी भूमिका को अब तक गुप्त रखा है। सिनेमाघरों में यह फिल्म अगले साल 4 फरवरी में रिलीज होगी। एंथनी मैकी फिल्म में कैप्टन अमेरिका बने एक बार फिर से नजर आएंगे। सिनेमाकॉन में डिज्नी की प्रस्तुति के दौरान एक्शन से भरपूर इस फिल्म की पहली झलक सामने आई थी।

टॉलीवुड

बड़े पर्दे पर जूनियर एनटीआर की 'देवरा' से भिड़ेंगे रजनीकांत

सुपरस्टार रजनीकांत इन दिनों अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'वेट्टैयन' के निर्माण में व्यस्त हैं। फिल्म का क्रेज दर्शकों पर भी खूब छाया है। फिल्म के बारे में लगातार दर्शक छोटी से छोटी जानकारी का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब फिल्म की रिलीज की तारीख पर बड़ा अपडेट सामने आया है। अभिनेता ने फिल्म की रिलीज की तारीख का खुलासा खुद अपने आध्यात्मिक दौरे के दौरान किया है। हालांकि, 'वेट्टैयन' की रिलीज डेट जान प्रशंसकों को झटका लगा है, क्योंकि अभिनेता की फिल्म जूनियर एनटीआर की 'देवरा' के साथ टकराएगी। दरअसल, सुपरस्टार रजनीकांत इस समय हिमालय की अपनी वार्षिक आध्यात्मिक यात्रा पर हैं। उनके दौरे से एक नया क्लिप सामने आया है, जिसमें वे एक योगी से बातचीत कर रहे हैं। वीडियो में वे निर्देशक टीजे ज्ञानवेल की 'वेट्टैयन' के लिए अपने हिस्से को पूरा करने के बारे में बात करते हुए दिखाई दे रहे हैं। इसी दौरान उन्होंने फिल्म की रिलीज की तारीख का खुलासा किया। उन्होंने कहा कि यह फिल्म दशहरा की छुट्टियों के दौरान 10 अक्तूबर को रिलीज होगी। अभिनेता ने अपनी नई फिल्म 'कुली' के बारे में भी अपडेट साझा किया। आधिकारिक एलान करने से पहले ही 'वेट्टैयन' की टीम ने फिल्म की रिलीज डेट का खुलासा कर दिया है। योगी से बातचीत के दौरान रजनीकांत ने कहा कि उन्होंने 'वेट्टैयन' के लिए अपने हिस्से पूरे कर लिए हैं और पोस्ट-प्रोडक्शन का काम चल रहा है।

भोजपुरी

'बड़े घर की बेटी' दिखाती है तेवर या बढ़ाती है मान-सम्मान! दर्शकों को रहेगा इंतजार

नई भोजपुरी फिल्म 'बड़े घर की बेटी' का शानदार ट्रेलर रिलीज हो गया है। इसमें भोजपुरी की फेमस एक्ट्रेसेस अंजना सिंह और यामिनी सिंह हैं। उनके साथ अविनाश साही राकेश बाबू और संतोष श्रीवास्तव भी हैं। ट्रेलर को हफ्तेभर में ही 4 मिलियन से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं। भोजपुरी फिल्म 'बड़े घर की बेटी' की शूटिंग कुछ महीने पहले ही शुरू हुई थी और अब इसका ट्रेलर भी आ गया है। यह एक कंटेंट महिला सशक्तिकरण की कहानी पर आधारित है, जिसमें भोजपुरिया टीआरपी क्विन अंजना सिंह और नई जनरेशन की सनसनी यामिनी सिंह लीड रोल्स में हैं। इस फिल्म के निर्माता संदीप सिंह, अंजनी तिवारी और नीलाभ तिवारी हैं, जबकि निर्देशक संजीव बोहरपी हैं। फिल्म को बिग स्केल पर शूट किया गया है। यह फिल्म भोजपुरी सिनेमा को नई दिशा देने वाली हो सकती है। फिल्म के निर्माता ने बताया कि 'बड़े घर की बेटी' बेहद सामाजिक और सरोकारों वाली फिल्म है। फिल्म के निर्देशक संजीव बोहरपी ने बताया कि 'इस फिल्म की कहानी दर्शकों के दिलों को छू लेगी।' उन्होंने कहा कि 'बचपन में मुंशी प्रेमचंद की कहानी बड़े घर की बेटी पढ़ा था, फिर इस टाइटल से हिंदी सिनेमा में एक फिल्म भी बनी थी। लेकिन हमारी यह फिल्म इन दोनों से काफी अलग है और फ्रेश कहानी के साथ हम दर्शकों के सामने आएंगे। फिल्म की कास्टिंग भी कहानी के हिसाब से ही की गई है इसलिए हमें लगता है कि यह फिल्म दर्शकों के साथ-साथ क्रिटिक्स को भी पसंद आएगी। वही फिल्म को लेकर अंजना सिंह ने कहा कि कथ्य प्रधान फिल्मों में काम करने का अपना ही अंदाज होता है। मैंने भोजपुरी में बहुत सारी फिल्में की है, लेकिन यह फिल्म उन सभी फिल्मों से अलग है और मैं उम्मीद करती हूं कि जब भी रिलीज होगी, दर्शक इसे जरूर सिनेमाघर में जाकर देखेंगे।

लाइफ स्टाइल

पेशेवर मॉडल बनाने की राह

वियतनामी फैशन उद्योग में ए डॉंग प्रोडक्शन एक प्रमुख मॉडल एजेंसी है। मॉडलों को प्रशिक्षित करने और प्रबंधित करने के लिए प्रसिद्ध, यह महत्वाकांक्षी पेशेवरों को ढालने में अग्रणी है। छात्र व्यापक शिक्षा प्राप्त करते हैं, कुशल मॉडल बनने के लिए कौशल प्राप्त करते हैं, चाहे वे युवा हों या अनुभवी। युवा यहां इंटर्नशिप करते हैं, राष्ट्रीय फैशन शो में भाग लेने का अवसर प्राप्त करते हैं। ऐसी ही एक फैशन परेड में हिस्सा लेते युवाओं का एक समूह।

अगर आपकी स्किन है ऑयली तो न करें ये काम, हो सकता है नुकसान

समर सीजन में स्किन की सबस ज्यादा केयर करनी पड़ती है। दरअसल, इस सीजन में धूप की वजह से पसीना आता है और पसीने की वजह से स्किन से जुड़ी समस्या शुरू हो जाती है। वहीं जिन लोगों की स्किन ऑयली है उन्हें सबसे ज्यादा इस मौसम में अपनी स्किन की केयर करनी पड़ती हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि इस मौसम में ऑयली स्किन होने के कारण और पसीने की वजह से दाने और मुहांसों की समस्या पैदा हो जाती है। ऐसे में जरुरी है इस मौसम में स्किन की केयर करना ताकि स्किन से जुड़ी कोई भी समस्या पैदा न हो साथ ही स्किन को कोई नुकसान न हो। इस आर्टिकल में हम ऑयली स्किन वाले लोगों को कुछ जरुरी बातें बताने जा रहे हैं जो ऑयली स्किन वाले लोगों को समर सीजन में नहीं करनी चाहिए।

सनस्क्रीन का करें इस्तेमाल

कई महिलाएं चिपचिपी त्वचा होने की वजह से सनस्क्रीन का इस्तेमाल नहीं करती हैं लेकिन ऐसा करना गलत है। समर सीजन में सनस्क्रीन का जरुर इस्तेमाल करें ताकि धूप की वजह से स्किन को होने नुकसान को बचाया जा सकें।वहीं आपकी स्किन के लिए किस तरह कासनस्क्रीनसही रहेगा इसके लिए आप डॉक्टर या एक्सपर्ट की मदद ले सकती हैं।

चेहरे को करें मॉइस्चराइज : ऑयली स्किन वाली महिलाएं समर सीजन में मॉइस्चराइजर का इस्तेमाल नहीं करती हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि उनकी शिकायत रहती हैं कि मॉइस्चराइजर का इस्तेमाल करने से चेहरा चिपचिपा होने लगता है लेकिन ऐसा नहीं करना चाहिए। मौसम कोई भी स्किन को जरूर मॉइस्चराइज करें।

हार्ड स्क्रब का न करें इस्तेमाल

कई महिलाएं इस मौसम में स्किन को साफ करने के हार्ड स्क्रब का इस्तेमाल करती हैं लेकिन ऐसा करना भी गलत हैं। हार्ड स्क्रब का इस्तेंमाल करने से जहां स्किन से जुडी समस्या पैदा हो सकती हैं तो वहीं स्किन की नुकसान भी हो सकता हैं। स्किन को साफ करने से हार्ड स्क्रब का इस्तेमाल न करें।

फेस ज्यादा न करें वॉश

समर सीजन में ऑयली स्किन वाली महिलाएं पसीने के कारण बार-बार फेस को वॉश करती हैं ताकि स्किन साफ हो जाए। वहीं ऐसा करना गलत है। दरअसल, चेहरे को बार-बार वॉश करने से स्किन ड्राई हो जाती हैं और स्किन के ड्राई होने की वजह से स्किन से जुड़ी समस्या पैदा हो जाती हैं। वहीं ऐसे में सिर्फ दिन 2 से 3 बार फेस को वॉश करें और इसके बाद स्किन को मॉइस्चराइज करें।

गर्मियों के लिए ऑर्गेंजा सलवार सूट के ये नए डिजाइंस हैं बेस्ट

फैशन

सलवार-कमीज में सही फिटिंग पाने के लिए आपको सबसे पहले लेटेस्ट फैशन और अपने बॉडी टाइप को समझना सबसे जरूरी होता है। सलवार-सूट हम रोजाना पहनते हैं। वहीं रोजाना चाहे ऑफिस जाना हो या किसी छोटे-बड़े फंक्शन के लिए हम अक्सर फैंसी डिजाइन चुनना पसंद करते हैं। बढ़ती गर्मी के चलते ज्यादा हैवी वर्क कैरी कर पाना बिल्कुल भी आसान नहीं है। इस मौसम में आप फैंसी लुक पाने के लिए ऑर्गेंजा फैब्रिक से बने सलवार-सूट को पहन सकती हैं। तो आइये देखते हैं ऑर्गेंजा सलवार-सूट के नए और खास डिजाइंस। साथ ही, बताएंगे इन सलवार-कमीज को स्टाइलिश लुक देने के आसान टिप्स-

फ्लोरल डिजाइन ऑर्गेंजा सलवार-सूट : फ्लोरल डिजाइन गर्मी के मौसम में सबसे ज्यादा पसंद किए जाते हैं। इसमें आप चाहे तो ऑल ओवर डिजाइन का सूट सिलवा सकती हैं। इसके अलावा आप चाहे तो दुपट्टे के लिए प्लेन सिल्क दुपट्टा चुन सकती हैं। इस तरह के सूट आजकल आपको नायरा कट और आलिया कट डिजाइन में भी आसानी से मिल जाएंगे।

प्लेन ऑर्गेंजा सलवार-सूट : आजकल प्लेन सलवार-सूट के साथ में हैवी वर्क वाले दुपट्टे को कैरी किया हुआ लुक चलन में है। इस तरह के लुक के साथ में फुल लेंथ कुर्ती स्टाइल सूट के साथ में प्लेन सलवार की जगह पर आप एंकल लेंथ वाली पैन्ट्स को स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह के सलवार-सूट आप फैब्रिक खरीदकर खुद अपनी पसंद से भी सिलवा सकती हैं।

प्रिंटेड डिजाइन ऑर्गेंजा सलवार-सूट : गर्मी के मौसम में और ऑर्गेंजा फैब्रिक में सबसे ज्यादा आपको प्रिंटेड डिजाइन में काफी बड़ा कलेक्शन देखने को मार्केट में आसानी से मिल जाएगा। इसमें आप फैब्रिक खरीदकर खुद कस्टमाइज करवा रही हैं तो आलिया कट डिजाइन बनवा सकती हैं। इस तरह के डिजाइन के लिए आप मीडियम चौड़ी गोटा-पट्टी लेस लगवा सकती हैं।

समर सीजन में लगा रही हैं बालों पर मेहंदी तो इन बातों का रखें ध्यान

गर्मियों के सीजन में कई महिलाएं बालों की सुंदरता बढ़ाने के लिए मेहंदी लगाती हैं। मेहंदी लगाने से जहां बालों की खूबसूरती बढती हैं तो वहीं बाल हेल्दी भी होते हैं लेकिन समर सीजन में मेहंदी लगाने के दौरान कुछ बातों का खास ध्यान रखना चाहिए। इस आर्टिकल में हम आपको बालों पर मेहंदी लगाने के दौरान किन बातों का ध्यान रखना चाहिए ऐसी कुछ टिप्स देने जा रहे हैं और इन टिप्स को आप बालों पर मेहंदी लगाने के दौरान जरुर फॉलो करनी चहिए ताकि बालों को कोई नुकसान न हो।

इस तरह बनाए मेहंदी का पेस्ट

कई महिलाएं होती हैं जो जल्दी जल्दी में मेहंदी कुछ ही समय में घोलकर लगा देती हैं। इस तरह से मेहंदी नहीं लगानी चाहिए । मेहंदी को बालों पर अप्लाई करने से १ दिन या रात को भिगोकर रख लें और इसके बाद सुबह के समय बालों पर मेहंदी लगाएं। वहीं मेहंदी लगाने के लिए कम से कम 12 घंटे पहले भीगा लें।



बाल धोने के बाद लगाएं मेहंदी

जहां मेहंदी को अच्छी तरह से भीग कर बालों पर अप्लाई करना चाहिए तो वहीं बालों पर मेहंदी लगाने से पहले बालों को अच्छी तरह से धो लें। ऐसा इसलिए क्योंकि बालों को धोने से ये अच्छी तरह से साफ हो जाएंगे और इसके बाद मेहंदी लगाने का पूरा फायदा आपको मिलेगा। वहीं अगर आप बालों को शैंपू से धो रही हैं तो ये काम एक दिन पहले कर लें।

तेल वाले बालों पर न लगाएं मेहंदी

मेहंदी लगाने से पहले इस बात का ध्यान रखें की आपके बालों पर तेल न लगा हो। कई महिलाएं बालों पर तेल लगे होने पर ही डायरेक्ट मेहंदी अप्लाई कर लेती हैं लेकिन ऐसा करना गलत हैं। बालों पर मेहंदी लगाने से पहले बालो को अच्छी तरह से हेयर वॉश कर लें।

पैरों की शोभा बढ़ाएंगे चांदी वाले बिछिया के नए-नए डिजाइंस

किसी तीज-त्योहार के लिए तैयार होना हम सभी को पसंद होता है। ऐसे में वट सावित्री पूजा आ रही है। खासकर सुहागनों के लिए यह दिन बेहद खास होता है। इस दिन वह तैयार होना भी काफी पसंद करती हैं। मेकअप और कपड़ों के अलावा पैरों की खूबसूरती को भी कायम रखना जरूरी होता है।

पैरों को खूबसूरत बनाने के लिए आप बिछिया पहन सकती हैं। वहीं चांदी की बिछिया में आपको कई नए डिजाइंस देखने को मिल जाएंगे। तो चलिए देखते हैं चांदी की बिछिया के ये नए डिजाइंस और जानेंगे इन्हें स्टाइल करने के आसान तरीके।

फैंसी बिछिया डिजाइन : खास मौकों के लिए आप इस तरह की फूल-पत्ती डिजाइन वाली बिछिया को पैरों में पहन सकती हैं। इसमें आपको रंग-बिरंगे डिजाइन में कई पैटर्न देखने को मिल जाएंगे। वहीं पैरों के आकार के हिसाब से आप अलग-अलग साइज में इसे खरीदकर पहन सकती हैं।

मराठी स्टाइल बिछिया डिजाइन : मराठी नथ की डिजाइन पसंद करती हैं तो इसमें आपको मसोली डिजाइन की बिछिया में भी कई साइज देखने को मिल जाएंगे। वहीं इसमें आप चाहे तो अपने हिसाब से घुंघरू भी लगवा सकती हैं। चांदी में आपको मसोली बिछिया के वर्क वाले डिजाइन भी देखने को मिल जाएंगे।

मोर डिजाइन बिछिया : अन्य फैंसी डिजाइन की बिछिया पहनना चाहती हैं और मॉडर्न लुक पाना चाहती हैं तो इस तरह से मोर के डिजाइन में बिछिया पहन सकती हैं। आप चाहे तो बड़े साइज के बिछिया लेकर इसमें मोती भी लगवा सकती हैं और इसे हैवी लुक दे सकती हैं।

घुंघरू डिजाइन बिछिया : सिंपल और सबसे ज्यादा घुंघरू के डिजाइन की बिछिया को पसंद किया जाता है। घुंघरू में आपको छोटे-बड़े साइज भी मिल जाएंगे। इसके अलावा आप चाहे तो एक ही पैर की तीन उंगलियों में एक जैसे दिखने वाले घुंघरू लगे हुए बिछिया भी पहन सकती हैं।

कार्नर न्यूज

लेटेस्ट फैशन के साथ-साथ आपको मौसम के हिसाब से भी चुनने चाहिए कपड़े

गर्मियों के लिए स्किन फ्रेंडली रहेंगे ये कलर्स, दिखेंगे अप-टू-डेट

स्टाइलिश दिखना आसान नहीं होता है बल्कि इसके लिए आपको लेटेस्ट फैशन ट्रेंड की सभी चीजों की जानकारी के साथ अपने लुक को स्टाइल करना होता है। वहीं क्या आप जानती हैं कि लेटेस्ट फैशन के साथ-साथ आपको मौसम के हिसाब से भी कपड़े चुनने चाहिए ताकि आपका लुक अप-टू-डेट नजर आए। गर्मियां शुरू हो चुकी है। इस मौसम में कपड़े खरीदते समय आपको पैटर्न से लेकर फैब्रिक तक का खास ख्याल रखना जरूरी होता है ताकि पहने हुए कपड़े चुभें नहीं और आप आराम से उसे घंटों तक पहन पाए। इन सबके अलावा आपको कलर पैटर्न और कॉम्बिनेशन का भी खास ख्याल रखना जरूरी होता है। वहीं अगर आप गर्मियों के मौसम में अपने लिए परफेक्ट कलर कॉम्बिनेशन ढूंढ रही हैं तो इस आर्टिकल को आखिर तक जरूर पढ़ें।

डबल शेड चुनें

इस खूबसूरत साड़ी को डिजाइनर मनीष मल्होत्रा ने डिजाइन किया है। बता दें कि इस सीक्वेन वर्क आजकल काफी चलन में है, लेकिन इस तरह का डबल शेड पैटर्न गर्मियों में किसी भी शादी व फंक्शन के लिए बेस्ट रहेगा। इस तरह की खूबसूरत मिलती-जुलती साड़ी आपको मार्केट में करीब 2000 रुपये से लेकर 4000 रुपये में आसानी से मिल जाएगी।

ब्राइट कलर चुनें

आजकल ब्राइट कलर काफी पसंद किए जा रहे हैं। बता दें कि गर्मियों में इस तरह के कलर पहनने से गर्मी कम लगती है और चेहरा खिला हुआ नजर आता है। इस खूबसूरत आउटफिट को डिजाइनर अर्पिता मेहता ने डिजाइन किया है। बता दें कि इस तरह की मिलती-जुलती आउटफिट आपको मार्केट में करीब 2000 रुपये से लेकर 3000 रुपये में असानी से मिल जाएगी।

कूल टोन है बेस्ट

वहीं अगर आप कुछ हटकर ट्राई करना चाहती हैं तो इस तरह का कलर आपके लिए परफेक्ट रहेगा। बता दें कि इस खूबसूरत साड़ी को डिजाइनर फाल्गुनी शेन पीकॉक ने डिजाइन किया है। वहीं इस तरह की मिलती-जुलती साड़ी आपको मार्केट में करीब 2000 रुपये से लेकर 3500 रुपये में आसानी से मिल जाएगी।